आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 243, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 14

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 13

# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ बेपटरी, 3 की मौत, 34 घायल

## गोंडा में ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई उच्चस्तरीय जांच


संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** घायलों में 11 की हालत गंभीर



मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

### डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में तीन यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

"हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है। – **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



- सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।



MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT
The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## युवती की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का था मामला

**अमृत विचार :** देहात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में प्रेमी ने प्रेमिका के घर पहुंच कर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी ने अपने घर पर पहुंचकर खुद को भी गोली मारकर उड़ा लिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। अमरोहा और कांठ पुलिस ने युवती व छात्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव शाहिदपुर उर्फ सादपुर में किसान रूप सिंह का परिवार रहता है। उनकी पुत्री प्रीति (20) ने बीए करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह चार भाई बहनों में मझली थी। उधर, कांठ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी तेजपाल सिंह का पुत्र आयुष उर्फ चाहत मुरादाबाद के एक कॉलेज से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, प्रीति और आयुष उर्फ चाहत एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, जबकि प्रीति के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह कर तय दिया था। गुरुवार शाम छह बजे आयुष उर्फ चाहत ने प्रीति को गांव से बाहर बुला लिया। यहां गांव से खेत पर जाने वाले रास्ते के किनारे उसने तमंचे से सिर में गोली मारकर प्रीति की हत्या कर दी। इसके बाद आयुष अपने घेर में पहुंचा और गोली मारकर खुद को भी उड़ा लिया। प्रीति और आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद सीओ अभिषेक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

## विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है और इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले दूसरे लोगों को बेवजह की दिक्कत होती है। इसमें एक बड़ी बात यह है कि ऐसे लोगों को विधिवत ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

# नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

## अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, कल तक परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।



शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### पेपर लीक मामले में चार मेडिकल छात्र गिरफ्तार, सीबीआई रिमांड पर भेजा

**पटना, एजेंसी।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने एनटीए से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गुरुवार को चार मेडिकल छात्रों समेत पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने इस मामले मे गिरफ्तार किए गए एक बिचौलिए सुरेंद्र कुमार और चार मेडिकल छात्रों चंदन सिंह, सानू, राहुल आनंद और करम जैन को आज विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इन अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। विशेष अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए इन सभी पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

### एक नजर

#### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर गुरुवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

#### बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ़्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम सिंह के एक सदस्य को अमृतसर से गिरफ्तार किया है।

## ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता, गंजडुण्डवारा (कासगंज)

- पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम

**अमृत विचार:** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे धरना-प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा। अधिकारियों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब लोग शांत हुए। गुरुवार सुबह ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की। गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। माहौल बिगड़ा देख कई थानों की पुलिस बुला ली गई। करीब नौ बजे एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती पहुंचे। उन्होंने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

## हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

**अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)।** मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया।

हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। अन्य झुलसे लोगों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें।



### अगली सुनवाई 27 सितंबर को

उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है।

## अखिलेश बोले-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



- अखिलेश यादव ने अंदरूनी कलह के चलते भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

**अमृत विचार:** प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

### प्रदेश में 2027 में हम अपनी सरकार बनाएंगे

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

# कांवड़ रूट : पुलिस की एडवाइजरी पर सियासी बवाल

## मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान- ठेले -ढाबे वाले अपना नाम जरूर लिखें, विपक्षी दल बिफरे, कहा-सरकार इसे वापस ले

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान पर विपक्षी दलों ने प्रहार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के बहाने ढूंढ़ती रहती है। दरअसल, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले रूट पर पड़ने वाले ठेले ढाबे वालों को अपना नाम लिखने का सुझाव दिया है।

पुलिस की एडवाइजरी में बताया गया कि यात्रा के रूट पर पड़ने वाली दुकानों, ढाबों और ठेलों पर विक्रेता का नाम लिखना जरूरी होगा। इस मामले में एतराज जताने के बाद में पुलिस ने एक और निर्देश जारी कर बताया कि होटल, ढाबों के मालिक अपनी इच्छा से अपना नाम और रेट कार्ड दुकान के बाहर लगा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार रेट और धर्म को लेकर कांवड़ियों में लड़ाई हुई है, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया था। इस एडवायजरी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है।



**क्या है मामला :** मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर हर प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के नाम इस प्रकार से रखे गए, जिससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होकर क़ानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे और खानपान की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिक और काम करने वालों का नाम प्रदर्शित करें। पुलिस का कहना है कि इस आदेश का आशय किसी प्रकार का धार्मिक विभेद ना होकर सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा, आरोप प्रत्यारोप और कानून व्यवस्था की स्थिति को बचाना है।

कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जद यू नेता केसी त्यागी ने कहा कि दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने के मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।

## एक नजर

### झोपड़ी में मिला किसान का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव सपरेड़ा निवासी श्यामवीर खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। उनके भाई बलवीर पूर्व प्रधान हैं। गुरुवार शाम श्यामवीर का शव झोपड़ी में मिला। दोपहर में श्यामवीर खाना खाने के बाद झोपड़ी में सोने चले गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### विद्युत लाइन से टकराया ताजिया, लगी आग

**बिसौली ,अमृत विचार :** मुहर्रम जुलूस के दौरान विद्युत विभाग की लापरवाही देखने को मिली। विभागीय कर्मचारियों ने एकाएक आपूर्ति चालू कर दी। जिससे हाईटेंशन लाइन की चपेट में ताजिया आने से आग लग गई। जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद लोगों ने पानी डाल कर आग को बुझाया।

# पत्नी की हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, दोषी पर 25 हजार लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के नौ साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सुयश प्रकाश श्रीवास्तव ने आरोपी पति को दोषी माना है। दोषी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन पक्ष के एडीजीसी संजीव गुप्ता के अनुसार थाना उसावां क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी अमर पाल ने 24 सितंबर 2015 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी बेटी सपना (20) दोपहर दो बजे शौच के लिए जंगल में गई थी। वह काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की तो दोपहर लगभग चार बजे जानवर चराने वाली महिला ने बताया कि सपना का शव नदी के कीचड़ में पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव कीचड़ में पड़ा था। ग्रामीणों की मदद से शव निकालकर खेत में रखा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। सपना के पति निर्भान को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। बताया कि उसकी पत्नी सपना उसके साथ रहना नहीं चाहती थी। उससे खुश भी नहीं थी। कहीं और जाना चाहती थी। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भेजा था। गुरुवार को न्यायाधीश ने सरकारी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी पति को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

## जिले को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 1500 शादी कराने का मिला लक्ष्य

# सामूहिक विवाह में गड़बड़ी रोकने को पड़ोसियों से लिया जाएगा फीडबैक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विवाह के आवेदन आने के बाद पड़ोसी से पूछेंगे युवक शादीशुदा है या नहीं
- आवेदन करने वाले जोड़ों का आधार होगा लिंक, मोबाइल पर भेजा जाएगा ओटीपी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए प्रदेश सरकार सख्ती बरत रही है। योजना का लाभ लेने वाले आवेदक जोड़ों का आधार लिंक कर मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगी। उसके बाद ही आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। इसके बाद जोड़े के छह पड़ोसियों से भी जानकारी जुटाई जाएगी, कि पात्र युवक युवतियां शादीशुदा हैं या नहीं हैं। तब ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आवेदन को पूर्ण मानते हुए उसे स्वीकृति दी जाएगी।

प्रदेश के कई जिलों में सामूहिक विवाह के दौरान फर्जीवाड़ा हुआ है। जिले के ब्लॉक वजीरगंज में भी आधा दर्जन शादीशुदा जोड़ों की शादियां करा दी गई थीं। सामूहिक विवाह में ऐसी स्थिति प्रदेश के सभी जिलों में बनी रही। इस स्थिति को रोकने के लिए प्रदेश सरकार अब सख्त हो गई है। शासन ने पहले मैनुअल आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। अब उसमें और बदलाव कर दिया है। इसमें आवेदन करने वाले युवक युवतियों के पड़ोसियों से पूछताछ की जाएगी कि कहीं वह शादीशुदा तो नहीं हैं। अगर ऐसा है तो उनके खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई होगी। इस वित्तीय वर्ष में सामूहिक विवाह योजना को लेकर जनपद को 15 सौ से अधिक जोड़ों की शादियां कराने को लक्ष्य मिला है। वर्तमान में करीब सौ से अधिक जोड़ों ने आवेदन किया है। शासन द्वारा विभाग को जुलाई में 9, 11, 12, 13, 14 और 15 तारीख को सामूहिक विवाह का आयोजन कराने के लिए तिथियां निर्धारित की थीं। लेकिन किन्हीं कारणवश विभाग शादी कराने का निर्णय नहीं हो पाया।

> सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन स्तर से सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। योजना में पारदर्शिता लाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। पड़ोसियों की रिपोर्ट के आधार पर ही जोड़ों को योजना में शामिल किया जाएगा। निदेशालय स्तर से भी शादी करने वाले जोड़ों से फीड बैक ली जाएगी। **-मीनाक्षी वर्मा**, समाज कल्याण अधिकारी

### दुल्हन के खाते में भेजे जाते हैं 35 हजार

इसके बाद नवंबर और दिसंबर माह में शादी का मुहूर्त है। विभाग हुए आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। सचिव आवेदक के घर जाकर सत्यापन करेंगे। उनके द्वारा आवेदन करने वाले युवक युवतियों के छह पड़ोसियों से भी उनके संबंध में पूछताछ करेंगे। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद जोड़ों को सामूहिक विवाह योजना का लाभ देने की रिपोर्ट सचिव के द्वारा लगाई जाएगी। योजना के तहत एक शादी पर 51 हजार रुपये खर्च होते हैं। इनमें से 35 हजार की राशि दुल्हन के खाते में भेजी जाती है। 10 हजार रुपये के उपहार और छह हजार दावत पर खर्च होता है।

### मोबाइल पर ओटीपी आने पर पूर्ण होगा आवेदन

सामूहिक विवाह योजना में अब आवेदन करने वाले लड़का और लड़की के पास आधार लिंक मोबाइल नंबर होना जरूरी है। आवेदन के समय मोबाइल पर ओटीपी आएगा, जिसके बाद ही आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### शासन स्तर से होगी पूछताछ

सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने वाले जोड़ों से शासन स्तर से पूछताछ होगी। सात फेरे लेने वाले जोड़े सही है, इसकी पुष्टि के लिए समाज कल्याण विभाग ने लखनऊ में एक कमांड कार्यालय बनाया है, जहां से पूछताछ की जाएगी। जो जोड़े शामिल हुए हैं उनकी शादी की गई है या नहीं। विभाग की तरफ से रुपये मिले या नहीं। उपहार में क्या-क्या मिला। आदि जानकारी ली जाएगी।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने फीता काटकर शुरू कराई जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी

**बदायूं, अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में गुरुवार को जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के दूर-दराज से आये कृषकों द्वारा सहभागिता की गई। बतौर मुख्य अतिथि रहे केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ गोष्ठी का शुभारंभ कराया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दलहनी एवं तिलहनी फसलों को प्राथमिकता के आधार पर किसान बुवाई करें। जिससे हमारा देश दलहन एवं तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बन सके। गोष्ठी में फसल बीमा, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जनपद के प्रगतिशील 20 कृषकों को सावा, कोदो, उड़द, तिल के निःशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजीव गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मनोज कुमार उप कृषि निदेशक, दुर्गेश कुमार जिला कृषि अधिकारी, सतीश चन्द्र भूमि संरक्षण अधिकारी, अमित कुमार शुक्ला मुख्य कार्यकारी आदि मौजूद रहे।

# तीन पहियों पर चलेंगे 791 दिव्यांग, 1460 को मिले उपकरण

## पुलिस परेड ग्राउंड में एडिप योजना के अंतर्गत केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



दिव्यांगों को सहायक उपकरण देते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार



ट्राईसाइकिलों के साथ दिव्यांग। ● अमृत विचार

- दिव्यांगों को प्राप्त है दिव्य शक्ति, इनकी सेवा ईश्वर की सेवा के समान : बीएल वर्मा
- राजकीय मेडिकल कॉलेज में दिव्यांश केंद्र स्थापित करने की चल रही है तैयारी

**अमृत विचारः** एडिप योजना के तहत 791 दिव्यांगजनों में सहायक उपकरण बांटे गए। पुलिस परेड ग्राउंड में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने दिव्यांजनों में एक करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि के 1460 सहायक उपकरणों का वितरण किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन दिव्य शक्ति प्राप्त हैं। उनकी सेवा भगवान की सेवा के समान है। बताया कि जिले में दिव्यांश केंद्र की स्थापना भी कराई जाएगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं है। वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना सामाजिक व आर्थिक उत्थान करें। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। सरकार ने दिव्यांगजनों की सात श्रेणी को बढ़ाकर 21 श्रेणी कर दी हैं। इससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। कहा कि देश में संचालित विभिन्न एम्स में दिव्यांश केंद्र बनाने पर कार्य किया जा रहा है। बदायूं में भी दिव्यांश केंद्र बनाया जाएगा। दिव्यांश केंद्र राजकीय मेडिकल कॉलेज में बनाया जाएगा। दिव्यांश केंद्र बन जाने से दिव्यांगजनों का आसानी से परीक्षण होने के बाद उपकरण वितरण मिल जाया करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांगजन नाम देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री व सरकार दोनों दिव्यांगजनों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि की सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी को रूस ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान दिया है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके बाद एलिम्को निगम द्वारा सहायक उपकरण वितरण किए गए।

### इन्हें मिले सहायक उपकरण

जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में 791 दिव्यांगजनों को 1460 निशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया, जिसकी कुल लागत 1 करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपए है। दिव्यांगजनों को 150 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 493 ट्राईसाइकिल, 57 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 442 बैसाखी, 228 वॉकिंग स्टिक (छड़ी), 02 रोलेटर, 13 ब्रेलकेन, 05 स्मार्टफोन, 21 सुगम्य केन, 03 सीपी चेयर, 22 श्रवणयंत्र (कान की मशीन), 08 फोल्डेबल वॉकर तथा 16 कृत्रिम अंग एवं कैलीपर वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, पूर्व विधायक शेखूपुर धर्मेन्द्र शाक्य, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।



संजीव कुमार पैर खराब होने से डंडे के सहारे चलना पड़ता था। सरकार के द्वारा बैसाखी दी गई है। अब इसके सहारे चलने फिरने में आसानी रहेगी। **-संजीव कुमार**, जगत



राजेश्वर दोनों पैर से खराब होने की वजह से चलने फिरने में दिक्कत होती थी। सरकार ने बैट्री चालित बैट्री देकर बड़ा उपकार का काम किया है। इसके सहारे वह स्वस्थ आदमी तरह काम कर पाएंगे। **-राजेश्वर**, जींस नगला



धनवती घर के काम करने और बाहर जाने में दिक्कत होती थी। परिवार के लोगों का सहारा लेना पड़ता था। अब बैट्री से चलने वाला रिक्शा मिल गया है। सारे काम आसान हो जाएंगे। -धनवती, अभिपुर



सर्वेश सरकार ने दिव्यांगजनों के हित में सहायक उपकरण वितरण कर अच्छा काम किया है। इनके माध्यम से दिव्यांगजनों को काफी सहुलियत मिलेगी। **-सर्वेश**, शहर



बैटरी रिक्शा मिलने के बाद घर लौटते दिव्यांग। ● अमृत विचार

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 24,500 रुपये

संवाददाता, बिल्सी




एटीएम बदलकर रुपये निकालने की सूचना पर पूछताछ करती पुलिस।

- रुपये निकालने के दौरान दो युवकों ने बदला था एटीएम कार्ड

**अमृत विचार :** नगर के सिरासौल रोड पर लगे एक निजी एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे युवक का कार्ड बदलकर दो लोगों ने 24,500 रुपये की रकम निकाल ली और भाग गए। युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों से जानकारी की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव वागरपुर सागरपुर निवासी रोहताश कुमार पुत्र मोहर सिंह बिल्सी नगर के सिरासौल रोड स्थित इंडिया बैंक एटीएम से नगदी निकालने के लिए गए थे। रोहताश ने पहले अपने एटीएम से पांच सौ रुपए निकाले। इसी दौरान एटीएम में दो अन्य युवक आ पहुंचे। आरोप है कि एटीएम से नगदी निकालने की प्रक्रिया के दौरान दोनों युवकों ने उसे बात में उलझा लिया, जिसके बाद उसने फिर से कार्ड मशीन में डालने की बात कही। तभी उन्होंने रोहताश का एटीएम कार्ड बदल लिया। कार्ड के काम न करने पर वह बाहर निकल आया। कुछ देर बाद रोहताश के बैंक खाते से तीन बार में 24 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए। उनके मोबाइल पर मैसेज आया तो रुपये निकलने की जानकारी हुई।

# टाइफाइड और बुखार के मरीजों से वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में सुविधाओं का अभाव होने से हालात बदतर
- दवा भी नहीं कर रही असर, कई दिन से भर्ती हैं मरीज

**अमृत विचार :** गर्मी के प्रकोप से पनप रहीं बीमारियों के चलते जिला अस्पतालों के वार्ड फुल होने लगे हैं। बुखार, दस्त और टाइफाइड के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। टाइफाइड के मरीजों को कई कई दिन दवा लेने के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। दस्त की समस्या से जूझ रहे मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

एक सप्ताह पूर्व हुई बारिश के बाद अब चटक धूप निकल रही है। गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। गर्मी के कारण बुखार ने रफ्तार पकड़ ली है। गर्मी के कारण दस्त और डायरिया के मरीजों की संख्या जिस तरह बढ़ रही है उससे लगता है कि आने वाले दिनों में स्थिति और भी विस्फोटक हो जाएगी। गुरुवार को जिला अस्पताल में बुखार के 142 मरीज देखे गए, जबकि डायरिया के 93 मरीज आए। दस्त की समस्या से जूझ रहे दो दर्जन मरीजों को दवाएं दी गईं। डायरिया और बुखार से पीड़ित करीब दो दर्जन मरीजों को भर्ती किया गया। डायरिया के कुछ मरीजों का कहना है कि वह चार दिन से भर्ती हैं। दवा ले रहे हैं लेकिन दवा असर नहीं कर रही है। इसी तरह दस्त की समस्या से जूझ रहे मरीजों ने बताया कि तीन पूर्व भर्ती हुए थे। अभी तक कोई लाभ नहीं मिल रहा है जिससे डॉक्टर बाहर उपचार कराने को कह रहे हैं। यहां पर हर दिन वही दवाएं दी जा रही हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या से लगभग आधा दर्जन वार्ड फुल हैं। यह सभी वार्ड बुखार और मलेरिया रोगियों को भर्ती करने वाले हैं। इन्हीं में टाइफाइड के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि जो मरीज काफी परेशान होकर यहां आते हैं उनको ठीक होने में कुछ समय लगता है। गर्मी के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है।



जिला अस्पताल में मरीजों से भरा वार्ड । ● अमृत विचार

### गंभीर हालात में आ रहे हैं मरीज

फिजीशियन डा. एसएम कमल ने बताया कि बुखार डायरिया गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते हो अधिक पनप रहा है। गांव देहात का मरीज बीमारी से पूरी तरह जकड़ जाता है तब वह दवा लेने आता है। ऐसे कई गंभीर मरीजों को भर्ती भी करना पड़ता है। हर रोज मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है जिससे वार्ड फुल हो रहे हैं। यदि इसी तरह की गर्मी बनी रही तो और स्थिति खराब हो सकती है।

### बोले मरीज-



प्राची तीन दिन से भर्ती हैं। डायरिया का इलाज चल रहा है। दवा भी असर नही कर रही है। गर्मी के चलते वार्ड में परेशानी हो रही है। वार्ड में कई मरीज डायरिया के भर्ती हुए हैं। सभी की यही स्थिति है। **-प्राची** ,जालंधरी सराय



लक्ष्मी चार दिन से यहां भर्ती हैं। डायरिया से कमजोरी आ गयी है। दवा खाने से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। डाक्टर सुबह शाम चेक कर रहे हैं मगर डायरिया से राहत नहीं मिल रही है। वार्ड में अधिक मरीज होने से गर्मी बढ़ रही है। परिजन भी परेशान हैं। **-लक्ष्मी** , दियोरीजीत

## मलेरिया पॉजिटिव मिले दो मरीज ग्रामीण क्षेत्र में शुरू किया उपचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत जिले में ब्लॉक स्तरीय संक्रामक रोग नियंत्रण टीमों के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगा कर लोगों के सैंपल लिए जिसमें ब्लाक समरेर के गांव सादुल्ला गंज में एक मरीज मलेरिया का मिला जबकि एक मरीज ब्लाक जगत में मिला। दोनो मरीजों का उपचार शुरू कर दिया गया है।

गुरुवार को संक्रामक रोग नियंत्रक टीमों ने अलग अलग गांवों में लोगों के ब्लड सैंपल लेकर जांच की जिसमें ब्लाक समरेर के गांव सादुल्ला गंज में एक मरीज मलेरिया पॉजिटिव मिला। मलेरिया का मरीज मिलते ही टीम ने उसका उपचार गांव में ही शुरू कर दिया। आज पहले दिन कुल 426 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए ।

इसी क्रम में ब्लॉक जगत के एक गांव में मलेरिया धनात्मक मरीज मिला उसका भी तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा ब्लॉक सलारपुर के गांव बिलहत में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। गांव में सफाई करने को ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

स्कूल चलो अभियान — स्कूलों में बच्चों को लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने शुरू की नयी पहल

# शत प्रतिशत उपस्थिति पर शिक्षक और बच्चे होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन के आदेशों से बीएसए ने प्रधानाध्यापकों को दी सूचना

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। स्कूलों में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों और शिक्षकों को विभाग सम्मानित करेगा। साथ ही जिन स्कूलों में 70 फीसद से कम उपस्थिति रहेगी। उस स्कूल स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। शासन से प्राप्त आदेशों से बीएसए ने बीईओ शिक्षकों को अवगत कराया है।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 3.16 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। यह संख्या पिछले शैक्षिक सत्र से 33 हजार कम है। साथ ही स्कूल खुलने के बाद से बच्चों की उपस्थिति भी कम रह रही है। अब विभाग ने बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मान शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों और शिक्षकों को दिया जाएगा। कम उपस्थिति वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। 70 प्रतिशत से कम उपस्थिति किसी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी।

### शिक्षकों के प्रयास हुए विफल

कम उपस्थिति को देखते हुए बीते दिनों अनुपस्थित बच्चों की अलग से सूची तैयार कर कारण तलाशने के निर्देश विभाग द्वारा जारी किए गए थे। कहा गया था कि लगातार तीन दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों को फोन कर शिक्षक कारण पता करें। जिस पर शिक्षक बच्चों के घर भी पहुंचे। परंतु स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में सुधार नहीं हुआ। स्थिति यह है कि नामांकन के सापेक्ष स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति काफी कम रह रही। कई स्कूलों में तो नामांकन के आधे बच्चे भी स्कूल नहीं आते यह देखते हुए बीएसए ने बच्चों की उपस्थिति बढाने के लिए गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करने में जुटे हैं।

### विभागीय अधिकारी करेंगे सम्मानित

जिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत- प्रतिशत होगी उनके बच्चों तथा शिक्षकों को विभागीय अधिकारियों द्वार सम्मानित किया जाएगा। जिन स्कूलों में बच्चों की 80 या 90 प्रतिशत उपस्थिति होगी, वहां के बच्चों और शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

> शासन ने नई पहल शुरू की है। जिन स्कूलों में 80 से 90 प्रतिशत उपस्थिति रहेगी। उनके शिक्षकों और बच्चों तथा अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा। **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# अवैध स्लीपर बस सीज 63 हजार का जुर्माना

संवाददाता, कुंवरगांव


**अमृत विचारः** नवादा चौकी के पास अवैध रूप से चल रहीं स्लीपर बसों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। पीटीओ ने एक बस को सीज कर दिया है। साथ ही 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

नवादा चौराहे के पास उप संभागीय विभाग के अधिकारी द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक स्लीपर बस वहां आकर रुकी। बस खड़ी देकर पीटीओ वहां पर पहुंच गए। उनके आने पर चालक ने बस को भगा ले गया। चालक द्वारा बस भगाकर ले जाने पर परिवहन अधिकारी ने उसका पीछा किया। अधिकारी को पीछे आता देख चालक बस को एक ढाबे के पास खड़ी कर भाग गया। बस में हिमाचल प्रांत के शहर बद्दी की तीस सवारियां बैठी थीं। परिवहन अधिकारी ने बस को सीज करते हुए शेखूपुर चौकी पर पहुंचा दिया। साथ ही उस पर 63 हजार 250 रुपए का जुर्माना भी डाला गया है। बस नंबर से जांच करने पर पता चला कि बस मालिक पर बीते नवंबर 2023 से कर बकाया चल रहा है। बकाया कर की रक़म 85 हजार हो गई हैं। इसकी भी वसूली बस स्वामी से की जाएगी।

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077





# कदम-कदम पर गड्ढे, शहर की सड़कों से गुजरना दुश्वार

## बारिश में जलभराव के चलते ज्यादातर सड़कें हो चुकीं खस्ताहाल, लोगों का पैदल चलना हो रहा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पिछले दिनों हुई बारिश से सड़कों का हाल बेहाल हो गया है। कदम कदम पर गड्ढे और गहरे हो गए हैं। गड्ढों में बारिश का पानी भरा है और ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों की सड़कें भी खस्ताहाल हो गई हैं। जिसकी वजह से वाहन चालकों के साथ लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं।

शहर की मुख्य सड़कों की हालत काफी खस्ता हो चुकी है। कई इलाकों में बारिश पूर्व सड़कों के गड्ढे कम चौडे थे वह अब अधिक बड़े और गहरे हो चुके हैं। इन सड़कों पर लोग ठोकर खाते हैं। कई सड़कों पर बने गड्ढे इतने गहरे हैं कि चौपहिया वाहन तक हिचकोले खा जाते हैं। जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहनों को हो रही है। उन्हें अपने वाहन को गड्ढों से बचने के लिए लहराकर ही निकालना पड़ रहा है। शहर में टूटी सड़कों का बरसात के दौरान काफी बुरा हो जाता है। पानी भरने के साथ ही कीचड़ फैल जाती है। फैली कीचड़ के दौरान लोग फिसलन से लोग चोटिल होते रहते हैं। इस दौरान उनके सामने पालिका को कोसने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता। हालांकि मार्च माह के दौरान पालिका के द्वारा कुछ सड़कों की मरम्मत जरूर कराई गई थी। परंतु सड़कें एक बरसात भी नहीं झेल पाईं। बरसात के बाद में इनमें गहरे गहरे गड्ढे बन गए हैं।

**मोहल्लों की गलियों में सड़कों की हालत खस्ता :** शहर की प्रमुख सड़कों के साथ साथ शहर की गलियों की तो हालत और भी ज्यादा खस्ता है। लोचीनगला, शहवाजपुर, नेकपुर, ब्राहम्पुरा आदि में कई गलियां ऐसी हैं जहां जरा सी बारिश होने पर घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। शहबाजपुर निवासी मोहम्मद इरशाद, शैलेंद्र और ब्राहम्पुरा के राजीव का कहना है कि पालिका सभासद से भी गली बनवाने की मांग कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बरसात के बाद अब सड़कों की हालत और खराब हो गई है। इन टूटी सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।


टूटा पड़ा पुलिस लाइन चौराहे से बदायूं क्लब की ओर जाने वाला मार्ग। ● अमृत विचार


वन विभाग जाने वाले मोड़ पर सड़क टूटने से अक्सर होते हैं हादसे। ● अमृत विचार


खस्ताहाल हुआ कलेक्ट्रेट तिराहे से जिला अस्पताल की ओर जाने वाला मार्ग।


रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर गड्ढों में पानी भरने के दौरान बढ़ जाती है परेशानी।


राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर उधड़ी हुई सड़क। ● अमृत विचार


ओवरब्रिज के सर्विस मार्ग पर गड्ढे होने से होती है परेशानी।

> बरसात के दौरान सड़कों की हालत अधिक खराब हो जाती है। कई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। बरसात के बाद सड़कों को ठीक कराया जाएगा।
> – **अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी ईओ

- **पानी से भरे गड्ढों में गिरने से घायल हो जाते हैं लोग**
- **सड़कों की मरम्मत के नहीं दिख रहे हैं कोई आसार**

### इन सड़कों की हालत बेहद खस्ता

- जफा की कोठी से टिकटगंज और पथिक चौक
- टिकटगंज से पुरानी चुंगी मार्ग
- जवाहरपुरी से बरेली रोड
- शहवाजपुर चौराहा
- गद्दी चौक से स्टेशन रोड
- पनबड़िया से सुभाष चौक रोड
- गांधी ग्राउंड से छह सड़का रोड
- वन विभाग रोड
- पुलिस लाइन से रोडवेज रोड
- रोडवेज से अंबेडकर पार्क रोड

# खेत से लौट रहे किसान की वाहन की टक्कर से मौत

- **सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बदायूं ककराला मार्ग पर हुआ हादसा**


मृतक राजवीर

**बदायूं, अमृत विचार :** खेत पर फसल देखकर अपने घर लौट रहे किसान की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा गया। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी राजवीर (33) पुत्र मोतीराम राजमिस्त्री थे। वह खेती भी करते थे। बुधवार को खेत पर फसल देखने के बाद वह देर शाम लगभग पौने 8 बजे बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। ककराला मार्ग पर उनके गांव के पास पहुंचने पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक मय वाहन वहां से भाग गया। राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उनकी परिजनों को सूचना दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल राजवीर को जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि की। मृतक के बड़े भाई श्यामपाल ने बताया कि अंतिम संस्कार करने के बाद पुलिस को तहरीर देंगे।

## एक नजर

### ब्राह्मण एकता परिषद ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**बदायू, अमृत विचार :** हाथरस निवासी योगेश उपाध्याय की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने और फायर बिग्रेड के निलंबित डीआईजी जुगल किशोर तिवारी की बहाली की मांग कर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश गुप्ता, सुदेश गुप्ता, कौशल पाराशरी, मनीष बाबू दीक्षित, विजय प्रकाश दुबे, पिंकी मिश्रा, विश्वजीत मिश्रा, राम अवतार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों के 22 से 24 तक बनेंगे हेल्थ कार्ड

**बदायूं, अमृत विचार :** पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी व उनके आश्रितों को कैशलेस कार्ड बनाने को 22 से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय कैंप आयोजित किए जाएंगे। यह कैम्प विकास भवन में आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हेल्थ कार्ड बनवाने को ई केवाईसी कराना आवश्यक है।।

### टेंपो की टक्कर लगने से किसान गंभीर घायल

**उझानी, अमृत विचार :** मंगलवार शाम उझानी क्षेत्र के गांव बहेड़िया निवासी अशोक कुमार कस्बा स्थित मंडी में मक्का बेचकर घर लौट रहे थे। बरी वाले बाईपास के समीप पहुंचने पर एक टैंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक टैंपो लेकर फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया।

# दो घरों से नगदी व लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार :** चोरों ने दो भाइयों के घर को निशाना बनाया। घर में रखी नगदी, सोने-चांदी के जेवर और अन्य सामान ले गए। घर में सो रहे एक बच्चे की नींद खुली तो चोरों के पीछे भागा। चोर छत से होकर भाग गए लेकिन एक चोर का मोबाइल छत पर गिर गया। पुलिस ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव भमोरी निवासी मुकेश मिश्रा और उनके बड़े भाई विद्याराम मिश्रा खेती करते हैं और एक ही मकान में साथ रहते हैं। बुधवार रात वह दोनों फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर गए थे। घर पर मुकेश की पत्नी रानी और बेटा दीपू थे। बुधवार रात वह मां-बेटा घर पर सो रहे थे। रात लगभग दो बजे चोर उनके घर में घुस गए और नगदी व जेवर चोरी कर लिए। चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर घर जा रहे थे। सामान बिखरा था। इसी दौरान दीपू की नींद खुल गई। उन्होंने चोरों को देखा तो उनका पीछा किया। चोर छत के सहारे कूदकर भाग गए। एक चोर का मोबाइल छत पर गिर गया। दीपू की सूचना पर मुकेश और विद्याराम पहुंचे। रात में ही डायल 112 पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद थाना वजीरगंज पुलिस भी पहुंची। मुकेश ने बताया कि चोर घर में रखे एक लाख 65 हजार रुपये सोने-चांदी के आभूषण व अन्य सामान समेत चार लाख का सामान ले गए। पुलिस ने पूछताछ की और वापस लौट गई। मुकेश ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिली थी। मामले की जांच चल रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।


वजीरगंज के गांव भमोरी में चोरी के बाद घर में फैला सामान। ● अमृत विचार

- **बुधवार रात खेत पर फसल की सिंचाई करने गए थे दोनों भाई घर पर सो रहे थे मां-बेटा**

# वाहन की टक्कर से मानसिक मंदित युवक की मौत

**बिनावर/विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव विजय नगला से सिकरोड़ मार्ग पर किसी वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शव को मोर्चरी में रखकर पहचान की कोशिश कर रही है। युवक मानसिक मंदित बताया जा रहा है।

बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव विजय नगला से एक मार्ग गांव सिकरोड़ी जाता है। बुधवार सुबह एक युवक का शव रास्ते पर पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि युवक मानसिक मंदित था। इधर-उधर घूमता रहता था। उसके बारे में कोई भी ग्रामीण कुछ नहीं जानता। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक केके शर्मा ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# गंगा में तीन बच्चे डूबे, एक बच्ची की मौत

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- **गुरुवार को गंगा नहाने गए थे तीनों, दो को ग्रामीणों ने बचाया**
- **उसहैत थाना क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा में हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा के पास बह रही गंगा में नहाते समय तीन बच्चे डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोग चिल्लाए। ग्रामीणों ने गंगा में छलांग लगा दी। दो बच्चों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक बच्ची गंगा में पानी में बह गई। तकरीबन एक किलोमीटर दूर बच्ची का शव बरामद हुआ। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।


मृतक कीर्ति

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा निवासी सुभाष कश्यप की बेटी कीर्ति (10), राजकुमार का बेटा पवन (12) और नन्हें लाल की बेटी दीक्षा (8) गर्मी से राहत पाने को पास में बह रही गंगा किनारे गए थे। वह तीनों स्नान करने के लिए गंगा में उतर गए। गंगा में पानी का स्तर ज्यादा था। इसी दौरान तीनों का पैर फिसल गया। वह गंगा में गहराई में चले गए। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए गंगा में कूद गए। कुछ समय के बाद पवन और दीक्षा को गंगा से बाहर निकाल लिया। कीर्ति की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अन्य ग्रामीणों ने भी बच्ची की तलाश के लिए गंगा में छलांग लगाई। तकरीबन दो घंटों की मशक्कत के बाद डूबने वाले स्थान से तकरीबन एक किमी दूर कीर्ति का शव भी बरामद हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गंगा घाट पहुंचे। शव पोस्टमार्टम के लिए कहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### नदी में स्नान करते समय स्टंट करना और सेल्फी लेना हो सकता है घातक



**बदायूं।** मानसून के दौरान हो रही बारिश की वजह से नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है, जिसकी वजह से कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नदियां उफान पर हैं, ऐसे में इनके पास जाना या तैरने की कोशिश करना बेहद खतरनाक हो सकता है। पानी के तेज बहाव की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. नदियों के बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ वैभव कुमार ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। कहा कि गंगा, रामगंगा नदी के बढ़े हुए जलस्तर की वजह से इनमें तैरना या कोई भी गतिविधि करना खतरनाक हो सकता है। तैरना न आने की दशा में नदी, नहर, नाले और तालाब की ओर न जाने के लिए भी अपील की है। जनपद से होकर गंगा, रामगंगा नदियां बहती हैं। इन दिनों इन दोनों ही नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। कई निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पहाड़ों में लगातार बारिश हो रही है, जिसकी वजह से जिले से होकर गुजरने वाली गंगा, रामगंगा नदी में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।, इसलिए लोग इन नदियों में नहाने, तैरने या सेल्फी लेने का प्रयास न करें। यदि तैरना ना आता हो तो नदी, नहर, नाले, तालाब आदि में न जायें। अपने स्वजन को भी जाने से रोकें। बच्चों को पुलिया या ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें। अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें एवं गहराई का ध्यान रखें। ओवरलोडेड नौकाओं में न बैठें। कोशिश करें किसी नदी, पोखर, तालाब या जल श्रोत में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय साथ में 10-15 मीटर लंबी रस्सी या धोती या साड़ी अवश्य रखें।

# मकान खाली करने के बाद भी आरसी जारी, कोर्ट ने की निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **साल 2019 में मकान खाली करने के बाद भी बिजली विभाग ने बताया बकाया**
- **कनेक्शन काटने का आवेदन देने के बाद पांच हजार रुपये मांग रहा था कर्मचारी**

**अमृत विचार :** किराए पर लिया गया मकान खाली करने के बाद भी बिजली विभाग ने एक व्यक्ति पर बिजली बिल के एक लाख 98 हजार 817 रुपये और शमन शुल्क के 20 हजार रुपये दर्शाए। व्यक्ति ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट ने दोनों पक्ष सुनने के बाद बिजली विभाग की ओर से दिखाई गई रिकवरी शून्य कर दी है। आरसी निरस्त की गई है।

शहर के कल्याण नगर निवासी संजय सक्सेना पुत्र सुरेश चंद्र सक्सेना ने कोर्ट में परिवाद दायर करके बताया था कि कि वह हरप्रसाद मंदिर के सामने वाले भवन में ट्रेनिंग सेंटर चलाते थे। बिजली कनेक्शन था। जिसका बिल वह समय से जमा करते थे। बाद में ट्रेनिंग सेंटर बंद कर दिया। 21 जुलाई 2019 को मकान मालिक को मकान पर कब्जा दे दिया। बिजली कनेक्शन कटवाने को बिजली विभाग को प्रार्थना पत्र दिया। कर्मचारियों ने बिजली कनेक्शन काटने के लिए 5000 रुपये मांगे। उन्होंने रुपये नहीं दिए। साल 2019 से उस मकान में सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य का कार्यालय खुल गया। 2 नवंबर 2022 को बिजली विभाग के एक कर्मचारी के 15 हजार रुपये का बकाया बिल होने की सूचना पर दो दिन बाद संजय ने रुपये जमा कर दिए। 30 सितंबर 2023 को एंटी पॉवर थेफ्ट की ओर से फोन करके उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना दी।

कहा कि रिपोर्ट में उनपर बिजली बिल के एक लाख 84 हजार 889 रुपये और शमन शुल्क के 20 हजार रुपये दर्शाए गए हैं। जबकि उन्होंने 2019 के बाद से बिजली का प्रयोग नहीं किया। बिजली विभाग ने भी कोर्ट में पक्ष रखा और संजय पर कटिया डालकर बिजली चोरी करने, जिसके चलते 26 मार्च 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराने की जानकारी दी। कहा कि लाइनमैन न होने की वजह से कनेक्शन नहीं काट सके थे। न्यायालय स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष काली चरन, सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी व स्वदेश कुमारी ने दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद आरसी निरस्त कर दी है।

# शिकायत करने पर दबंगों ने लकड़ियों में लगाई आग

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** दबंगों द्वारा चकरोड तोड़ देने की शिकायत करने पर उसके यूकेलिप्टस की लकड़ी दबंग उठा कर ले गये। जो लकड़ी शेष बची उसमें भी आग लगा दी। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया में दबंगों ने एक चकरोड तोड़ दिया। इसकी शिकायत गांव के तोताराम ने पुलिस से की। शिकायत करने से बौखलाए दबंगों ने तोताराम के घर के बाहर पड़ी यूकेलिप्टस की उठा ली। तोताराम ने इसकी शिकायत की जिसके बाद जो लकड़ी शेष बची थी उसमें बुधवार को दबंगों ने आग लगा दी। इस कृत्य की तहरीर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी है। उस चकरोड़ से गुजरने वाले अन्य किसान तो शांत बैठे रहे लेकिन तोताराम ने इस अन्याय ले खिलाफ आवाज उठाई। एसडीएम से शिकायत की। कोतवाल बृजेश सिंह ने कहा कि तहरीर मिली कार्यवाही की जाएगी।

**समस्या** | ट्रिपिंग और फाल्ट से चार से पांच घंटे गुल हो रही बिजली

# बिजली कटौती से त्रस्त हैं शहर के हजारों उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। अघोषित कटौती और हर घंटे पर हो रही ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। विभाग हर बार जल्द समस्या का समाधान हो जाने का भरोसा देता है मगर कटौती कम नहीं हो रही है।

गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे बिजली गुल हो गई। जिससे शहर के पथिक चौक, काली सड़क, मीरा जी की चौकी, बजरंग नगर, सियाराम नगर, सहित करीब दर्जन भर मोहल्लों की सप्लाई ठप हो गई। पचास हजार से अधिक उपभोक्ता तेज गर्मी में उबलते रहे। उसके बाद एक बजे सप्लाई शुरू हो सकी। इधर पुलिस लाइन क्षेत्र में सुबह दस बजे से 11 बजे तक सप्लाई बाधित रही। जिससे लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। सप्लाई शुरू होने के बाद भी कई बार ट्रिपिंग हुई। हर घंटे पर बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी हुई। शाम सात बजे पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। सप्लाई ठप होने पर अंधकार छा गया। शाम को गुल हुयी सप्लाई पूरे शहर में अंधेरा कर गयी।

- **विभाग के अधिकारियों की मनमानी, नहीं सुन रहे शिकायतें**

### बिजली कटने से जिला अस्पताल में व्यवस्था चरमराई, हंगामा

जिला अस्पताल में दोपहर करीब 12 बजे से लेकर एक बजे तक सप्लाई ठप रही। जिससे एक्सरे रूम पैथोलॉजी लैब व सीटी स्कैन सेंटर पर मरीजों की भारी भीड़ रही। एक्सरे रूम में मरीजों ने जब हंगामा किया। कुछ लोगों ने सीएमएस से शिकायत भी की, जिस पर कहा गया कि अभी बिजली आ जाएगी उसके बाद एक्सरे होंगे। मरीजों को एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। सप्लाई शुरू होने पर एक्सरे शुरू हुए। अस्पताल कर्मियों ने कहा कि दिन में कई कई बार बिजली गुल होती है। जिससे मरीजों की भीड़ बढ़ती रहती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित

उधर इस्लाम गंज इलाके में सखानू फीडर से बिजली दी जाती है। गुरुवार को इधर भी 11 बजे से लेकर तीन बजे तक बिजली ठप रही। इसके बाद भी कई बार आयी और गयी। सखानू के लोगों का कहना है कि हर रोज अघोषित कटौती हो रही है। ट्रिपिंग हर घंटे होती है। जिससे मशीनी काम काज ठप पड़े हैं। बिनाबर क्षेत्र में बिजली की सप्लाई अभी भी नियमित नहीं मिल रही है। कटौती के साथ दी जा रही सप्लाई से लोगों में भारी रोष है। विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों से बात करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। अब शेड्यूल से बिजली नहीं दी जाती है। उधर विजय नगला क्षेत्रों में बिजली की कटौती से किसान परेशान हैं। किसानों धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। उपकेंद्र बिनावर में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मनमानी के चलते करीब एक हफ्ते पूर्व से 24 घंटे में 10 घंटे भी नहीं मिल पा रही है। 104 गांव प्रभावित हैं।

> लाइनों पर जर्जर तार अक्सर टूटते रहते हैं साथ ही ओवर लोडिंग के चलते फाल्ट हो रहे हैं जिससे बिजली की किल्लत आ रही है। कर्मचारी दिन रात जर्जर लाइनें ठीक कर रहे हैं। काफी पुराना सिस्टम है। ठीक होने में समय लगेगा। फिर भी काफी हद तक सप्लाई सही दी जा रही है।
> –**संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

# रोस्टर के अनुसार की जाए बिजली आपूर्ति: डीएम


अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **लड़खडाई विद्युत व्यवस्था पर डीएम सख्त, दिए कड़े निर्देश**

**अमृत विचार:** जिले में विद्युत व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। जिसमें देहात क्षेत्र का बुरा हाल है। ऐसी स्थिति होने पर डीएम ने विद्युत विभाग को सख्त आदेश दिए हैं कि जनपद में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति दी जाए। अनावश्यक कटौती न की जाए।

गुरुवार को शिविर कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि वह शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। जो भी शिकायत आमजन से प्राप्त होती है उसका समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण करें। विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जाए। खराब ट्रांसफार्मर को समय पर बदलें। सीएमओ से कहा कि इमरजेंसी सेवाओं में डॉक्टर की उपलब्धता बनी रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

34.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.29 | सूर्यास्त 07.13

**शहर में आज**

- शहर के हुल्का माता रानी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा माता का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना सुबह सात बजे से।
- पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ द्वारा विकास भवन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- किसान दिवस पर विचार गोष्ठी कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:30 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

**एक नजर**

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का पौधारोपण आज

कासगंज। आओ अपना भविष्य बचाएं, सब मिलकर पौधा लगाए अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पंचायतीराज सफाई कर्मचारी संघ द्वारा विकास भवन पर पौधा रोपण कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से विकास भवन पर पहुंचकर पौधा रोपण अभियान को सफल बनाए जाने की अपील की है।

### किसान दिवस आज

कासगंज। डीएम मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ सचिन ने संबंधित अधिकारियों को किसान दिवस में सूचनाओं के साथ समय से उपस्थित होने के निर्देश जारी किए हैं

# साढ़े छह घंटे भीड़ के कब्जे में रहा पटियाली तिराहा

## डीएम-एसपी को मौके पर बुलाने और आरोपी पुलिस कर्मियों पर एफआईआर की मांग कर रहे थे प्रदर्शनकारी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान हुए बवाल के बाद करीब साढ़े छह घंटे पटियाली तिराहा भीड़ के कब्जे में रहा। प्रदर्शनकारी

डीएम-एसपी को मौके पर बुलाने और आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग कर रहे थे। बवाल के चलते पटियाली तिराहा और उसके आसपास का इलाका पुलिस छावनी बना रहा इलाका। इस दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। माहौल ज्यादा गर्माता देख अफसरों ने सख्त रुख अपनाना शुरू किया। साथ ही आरोपी पुलिस कर्मियों पर जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहीं तब जाकर लोग ढीले पड़े और शांत होकर जाम खोल दिया।

बवाल की शुरूआत बुधवार रात करीब तीन बजे हुई। उस वक्त पटियाली तिराहे पर मस्जिद के पास ताजिया दफनाने की तैयारी चल रही थी। ताजिया एटा रोड स्थित करबला में दफनाया जाना था। कोतवाली पुलिस कार्यक्रम जल्द पूरा करने को कह रही थी। मगर भीड़ की वजह से कार्यक्रम में देरी हो रही थी। लोगों का कहना है कि इस बीच दो पुलिस कर्मियों ने बेवजह लाठी चार्ज शुरू कर दिया, जिससे माहौल बिगड़ गया। लाठीचार्ज से भीड़ के बीच भगदड़ मच गई, जिससे ताजिया टूट गया। ताजिया टूटा देखकर भड़के लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पटियाली तिराहे पर जाम लगाने के साथ धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लाइनें लगने लगीं, जिससे पुलिस ने रूट डायवर्जन कराना पड़ा। बवाल बढ़ता देख आसपास के थानों की पुलिस बुला ली गई। वहां मौजूद पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लोगों को समझाने की कोशिश में लगे थे। डीएम और एसपी ने हर पल मामले की जानकारी ले रहे थे। मगर भीड़ के सामने पुलिस बेबस नजर आ रही थी। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज कर रहे थे। लोग डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के बगैर पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इस तरह पूरी रात बवाल चलता रहा।

गुरुवार सुबह पुलिस और पीएसी के जवानों को बुलाकर पूरा इलाका छावनी बना दिया गया। पुलिस ने मामले को निपटाने की पूरी तैयारी कर ली थी। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे एडीएम राकेश पटेल और एएसपी राजेश भारती मौके पर पहुंचे। उन्होंने पहले से पटियाली सीओ विजय राणा से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। फिर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो आरोपी होगा। उस पर कार्रवाई की जाएगी।मगर प्रदर्शनकारी तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। फिर अधिकारियों ने लिखित में शिकायती पत्र मांगा। शिकायती पत्र मिलने के बाद हर हाल में कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस का रुख भांपकर प्रदर्शनकारियों ने अफसरों की बात मान ली। सुबह साढ़े नौ बजे जाम खोल दिया और ताजिया लेकर करबला को रवाना हो गए। सुबह 10 बजे ताजिया सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।



आक्रोशित लोगों को समझाते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार

**एएसपी बोले, शराब के नशे में ड्यूटी नहीं करती पुलिस**

एडीएम और एएसपी कस्बा गंजडुंडवारा पहुंचे और ज्ञापन लिया। एएसपी राजेश भारती ने जो शिकायत थी उन सभी शिकायतों पर जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा करती है। शराब के नशे में ड्यूटी नहीं करती। हर पहलू पर जांच की जाएगी, जो भी पुलिस कर्मी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी। लाठी चार्ज की आवश्यकता क्यों पड़ी इसकी भी जांच होगी।

- पुलिस छावनी बना रहा इलाका ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी
- तीन बार वार्ता हुई विफल, पुलिस ने कर ली थी पूरी तैयारी



पटियाली तिराहे पर ठेले लगाकर रोड जाम करते लोग। ● अमृत विचार



सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी से बातचीत करते एएसपी राजेश भारती।




गंजडुंडवारा में पटियाली तिराहे पर पुलिस के लाठीचार्ज करने पर मची भगदड़।



पटियाली तिराहे पर एकत्र भीड़ पर लाठी चलाता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**गंजडुंडवारा में पहले भी हो चुका है बवाल**

गंजडुंडवारा बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। यहां किसी भी समय बवाल की आशंका रहती है। पहले भी कई बार बवाल और उपद्रव हो चुका है। ऐसे में पुलिस को विशेष सतर्कता दिखानी पड़ी। बवाल के दौरान भीड़ की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।



बवाल के चलते गुरुवार सुबह को गंजडुंडवारा में बंद दुकानें। ● अमृत विचार



सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



बवाल के दौरान एटा रोड के बाजार में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# समय से उपस्थित हों कर्मचारी आम लोगों के लंबित न रहें कार्य



निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका चेक करती पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नगर पालिका अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

**अमृत विचार :** चेयरमैन मीना माहेश्वरी ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालयों का निरीक्षण किया। सभी विभागों में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। उन्होंने शहर के लोगों कार्यों को बिना किसी हीला हुज्जत के नियमानुसार समय से पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे लोग परेशान न हो।

पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी दोपहर को अचानक नगर पालिका पहुंची। उन्होंने पालिका के जलकल विभाग, कर विभाग, विद्युत विभाग, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यालयों में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में उपस्थिति चेक की। पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय समय में कार्यालयों में उपस्थित होकर शहर के लोगों के कार्य निपटाएं। उनकी शंकाओं और समस्या का समाधान करें। लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रयास रहे कि कोई भी व्यक्ति अकारण पालिका के चक्कर न लगाए। कार्यों के संपादन में नियमों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पालिका की सफाई व्यवस्था संतोषक व्यक्त किया।

# किशोरी को ले जाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कासगंज, अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव की एक किशोरी अपने घर पर थी। आरोप है कि तभी कोतवाली गंजडुंडवारा के गांव पचपोखरा निवासी फैजान किशोरी को अपने दोस्त मसरूर के साथ घर पर आ धमका और किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया।

किशोरी अपने साथ घर में रखे जेवर और नगदी भी ले गई। भाई का आरोप है कि काफी तलाशने के बाद बहन और आरोपियों का कोई पता नहीं लगा है। उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। सहावर इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों के परिजनों से भी पूछताछ की है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगी है। संभावित ठिकानों पर दबिशें भी दी जा रही हैं, लेकिन अभी त क सफलता नहीं मिली है।

# जिले में 716 निर्धन कन्याओं का कराया जाएगा सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू, शासन की नई गाइड लाइन के तहत होंगे आयोजन

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पारदर्शिता के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इस नई प्रक्रिया के तहत जिले में 716 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए नए नियम निर्धारित किए गए हैं। शासन द्वारा आवंटित किए गए लक्ष्य के अनुसार जिले में 716 निर्धन कन्याओं का विवाह नए नियमों के तहत कराया जाएगा। नए नियमों के अनुसार 100 से अधिक जोड़ों के सामूहिक विवाह पर जिलाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम होंगे। 10 फीसद चयनित जोड़ों की रैंडम जांच होगी। वर 21 वर्ष एवं वधू 18 वर्ष से अधिक आयु के होने पर ही हो सकेंगे आवेदन पोर्टल जनरेटेड सत्यापन प्रारूप पर जांच रिपोर्ट होगी। आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए पृथक पंजीकरण काउंटर के साथ मंडल के उपनिदेशक एवं निकट जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर उपस्थित होकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है, जिसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी द्वारा आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस पड़ोस के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की पुष्टि की जाएगी। जिससे किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ प्राप्त न कर सकें। आवेदन डिजिटल सिग्नेचर से ही सत्यापित किए जाएंगे। कन्या के खाते में 35 हजार रुपये हस्तांतरित किए जाएंगे। अन्य सामान के लिए 10 हजार रुपये एवं विधवा तलाकशुदा के मामले में 5,000 रुपये तक की सामग्री दी जाएगी।

# एक रात प्रवास कर गांव के आश्रम से चले गए सूरजपाल उर्फ भोले बाबा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बाबा के वापस जाने से अनुयाइयों में छायी मायूसी
- हाथरस के सत्संग में मची भगदड़ से चली गई थीं कई जांन

**अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर अपनी जन्मस्थली पटियाली के गांव बहादुर नगर पहुंचे भोले बाबा एक रात प्रवास करने के बाद गुरुवार दोपहर वापस चले गए। बाबा के वापस जाने से अनुयाइयों में मायूसी है।

भोले बाबा सिकंदराराऊ में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ की घटना के बाद पहली बार बुधवार को अपनी जन्मस्थली पटियाली तहसील के गांव बहादुर नगर स्थित अपने आश्रम पहुंचे। उनके अधिवक्ताओं का कहना था कि बाबा यहां चिकित्सकों की सलाह से स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रवास के लिए आए हैं। बाबा के आश्रम में पहुंचने के बाद से उनके अनुयाइयों में खुशी थी। बुधवार को तमाम अनुयायी आश्रम पहुंचे, लेकिन बाबा से नहीं मिल सके। दोपहर को लगभग दो बजे सूरजपाल उर्फ भोले बाबा आश्रम से वापस चले गए। वैसे तो बाबा कहां गए इसकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं मिल पा रही है, लेकिन आश्रम पर मौजूद सेवादारों के मुताबिक भोले बाबा मध्यप्रदेश के ग्वालियर गए हैं।

भोले बाबा के अनुयाइयों को उम्मीद थी कि बाबा अभी कुछ दिनों तक आश्रम पर ही प्रवास करेंगे, लेकिन अचानक बाबा के वापस जाने से अनुयायी मायूस दिखाई दिए हैं। लोग कयास लगा रहे हैं कि अनुयायी आश्रम पर पहुंचने लगे थे, जबकि बाबा ने अनुयाइयों से आश्रम पर न आने की अपील की थी। अनुयाइयों की भीड़ न बढ़े इसलिए बाबा वापस चले गए।



पटियाली के गांव बहादुर नगर स्थित भोले बाब का आश्रम। ● अमृत विचार

# एफएसडीए ने छोले-भटूरे व कचौड़ी-सब्जी के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कावड़ियों के खान पान संबंधी सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन गंभीर है। गुरुवार को टीम ने कावड़ यात्रा में जगह-जगह लगने वाले कचौड़ी, पकौड़ी, भटूरे आदि के स्टॉलों की जांच की। इस दौरान पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। टीम ने विक्रेताओं से कहा कि खाद्य पदार्थों को ढककर रखें। धूल मिट्टी से कोई भी पदार्थ दूषित न हो।

मुख्य सुरक्षा खाद्य अधिकारी आनंद देव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार का विशेष अभियान चलाया। बारहद्वारी से नदरई गेट, प्रभु पार्क तक टीम ने दुकानों पर छापामारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखी। साथ ही नामचीन कचौड़ी एवं छोले भटूरे आदि विक्रेताओं के स्टॉल से जांच के लिए नमूने संकलित किए। जैन कचौड़ी भंडार गांधी मूर्ति से कचौड़ी का, शीतला छोले भटूरे की स्टाल के मालिक मनोज की स्टॉल से भटूरे का, गांधी मूर्ति क्षेत्र में पंकज जैन के ठेले से कचौड़ी का, इसी क्षेत्र में पवन कुमार के ठेले से सूखी सब्जी और कचौड़ी, दिल्ली जूस कॉर्नर की दुकान से मौसमी जूस का एवं शुभम की दुकान से आलू के झोल का नमूना लिया गया।

इन सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिससे कि उनकी गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी हो सके। कावड़ियों के रास्ते में कहीं कोई प्रदूषित खाद्य पदार्थ न बिके इसकी जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को दी गई है। इससे संबंधित अधिकारी प्रतिदिन निरीक्षण करने में जुटे हैं। खाद्य सामग्री विक्रेताओं को दिशा निर्देश दे रहे हैं।



शहर के नदरई गेट स्थित कचौड़ी की दुकान पर जलजीरा का नमूना लेती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार



कचौड़ी की दुकान पर नमूने लेने के बाद लिखा पढ़ी करते छापामार टीम के अधिकारी। ● अमृत विचार

- कांवड़ यात्रा के मद्देनजर चलाया अभियान, बारहद्वारी से नदरई गेट प्रभु पार्क इलाके में की छापेमारी

"कावड़ यात्रियों की सेहत के मद्देनजर यह अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सामग्री विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य पदार्थ ढककर रखें। यदि निर्देशों का उल्लंघन किया तो कार्रवाई होगी। जुर्माना लगाया जाएगा। – **आनंद देव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

# मेले के दौरान कासगंज से मथुरा तक आसान होगा रेल का सफर

**कासगंज, अमृत विचार:** यात्रियों सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने मथुरा में आयोजित मेले को देखते हुए 16 जुलाई से एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। इस ट्रेन में धीमे-धीमे भीड़ बढ़ने लगी है। पूर्णिमा 21 जुलाई की है। मथुरा से कासगंज के बीच एक जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन आठ फेरों के लिए शुरू किया गया है। ट्रेन नंबर 05314 मथुरा जंक्शन से 12:20 बजे चलकर 14:35 बजे मथुरा छावनी छूटकर 15:11 बजे हाथरस सिटी पहुंचेगी। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन 15:13 बजे रवाना होकर 15:40 बजे सिकंदराराऊ, 15:58 बजे महरारा से रवाना होकर 16:30 बजे कासगंज पहुंचेगी। कासगंज से वापसी में 16:50 बजे चलकर 17:02 बजे महरारा, 17:20 बजे सिकंदराराऊ, 17:50 बजे हाथरस सिटी, 18:45 बजे मथुरा छावनी ठहरते हुए 19:35 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी।

पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ट्रेन चलाने का निर्णय लिया। बीती 16 जुलाई से ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। धीमे-धीमे भीड़ बढ़ने लगी है।

# निषादराज बोट सब्सिडी योजना का उठाएं लाभ

**कासगंज, अमृत विचार :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित निषादराज बोट सब्सिडी योजनांतर्गत लाभ से जन सामान्य को आच्छादित करने को ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन 21 जुलाई 2तक किये जा सकेंगें। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं व विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अलावा आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कासगंज कमरा नंबर-52 विकास भवन में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### पीआरडी जवान को लंगूर ने किया घायल

एटा, अमृत विचार : ग्राम बहादुरगढ़ निवासी वीरेश कुमार पीआरडी जवान है, उसकी ड्यूटी डीएम आवास पर है। बताया गया है कि बुधवार को दोपहर 2 :30 बजे वह पालतू लंगूर को घुमा रहे थे। इसी दौरान भड़के लंगूर ने वीरेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने वीरेश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। यह लंगूर पहले भी एक व्यक्ति पर हमला कर चुका है

### एसडीएम ने शिशु मंदिर के बच्चों को दिलाई शपथ

एटा, अमृत विचार : कलावती सरस्वती शिशु मन्दिर सुनहरी नगर के पदाधिकारी एवं बच्चों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनी कान्त दुबे ने अतिथियों का परिचय कराया। एसडीएम भावना विमल ने अध्यक्ष सिद्धि गोयल, उपाध्यक्ष लेख मान्या, मंत्री दिनेश उपाध्याय, उपमंत्री आस्था, सेनापति वैभप शर्मा, उपसेनापति उत्कर्ष यादव व अन्य बच्चों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। व्यवस्थापक अतुल राठी, संजीव गोयल, बीएल वर्मा, अवकाश प्र ऐप पर पढ़ें एटा डायट ने एसडीएम भावना विमल को प्रतीक चिन्ह एवं स्वागत पटुका पहनाकर उनका स्वागत किया।

# बाइक सवार तीन दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

## दो गंभीर रूप से घायल, ढोलना थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बेकाबू गति से दौड़ते ट्रक ने ढोलना थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन दोस्तों को रौंद दिया। इसमें गंभीर चोटों से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। इसका पता लगने पर युवक के परिवार में कोहराम मचा गया।



मृतक सुमित।

सोरों थाना क्षेत्र के गांव नगला भवानी इसेपुर निवासी 18 वर्षीय सुमित पुत्र डालचंद, 16 साल का पुष्पेंद्र पुत्र परमेश्वर और 15 वर्षीय शैलेश पुत्र राम अवतार बुधवार रात करीब आठ बजे एक बाइक पर फरीदाबाद से अपने गांव लौट रहे थे। ढोलना थाना क्षेत्र में गांव महावर के समीप पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से सुमित और शैलेश को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में सुमित ने दम तोड़ दिया। सुमित मृतक के पिता डालचंद ने बताया कि तीनों दोस्त एक ही परिवार के हैं। तीनों दोस्त फरीदाबाद में रहकर कुछ कार्य करते थे।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद ग्रामीण व मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

> अभी हादसे की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। वाहन की तलाश की जा रही है।
> – **अजयवीर सिंह**, थाना प्रभारी ढोलना

## पंचायत सहायकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कासगंज, अमृत विचार:** पंचायत सहायकों ने समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांगपत्र सांसद को सौंपा है। पंचायत सहायक एकता वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित यादव ने कहा है कि पंचायत सहायक की नियुक्ति डाटा एंट्री ऑपरेटर, एकाउंटेंट के रूप में की गई। पंचायत सहायक अपने कर्तव्यों का पालन बखूबी कर रहे हैं। लंबे समय से पंचायत सहायक अपनी समस्याओं को लेकर सरकार तक आवाज पहुंचा चुके हैं, लेकिन समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। पंचायत सहायकों का मानदेय भी मात्र छह हजार रुपये हैं। इतने कम मानदेय में परिवार का गुजारा नहीं हो पा रहा है। पंचायत सहायकों ने सांसद को दिए ज्ञापन में राजस्थान सरकार के समान मानदेय दिए जाने, महिला पंचायत सहायकों को शादी के बाद पास की पंचायत में रिक्त जगह होने पर ट्रांसफर कराए जाने की व्यवस्था कराई जाए। पंचायत सहायकों को ग्रेड सी कर्मचारियों के समान सम्मान दिया जाए।

## धार्मिक आयोजन कर मनाया देव प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा दिवस



भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **भंडारे में प्रसाद पाने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**अमृत विचार :** शहर के माधौपुरी स्थित गुरु गोरखनाथ, चित्रगुप्त मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम हुए। यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने विश्वकल्याण की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर भंडारा कराया गया।

देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह था। सुबह से ही गोरखनाथ, चित्रगुप्त मंदिर पर श्रद्धालुओं एवं कायस्थ समाज के लोगों के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो गया। लाउडस्पीकर पर धार्मिक भजनों का प्रसारण हो रहा था। वैद मंत्रों के साथ यज्ञ कराया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान जय-जयकारों से वातावरण गुंजायमान था। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर भंडारा हुआ। इसमें किशोरी लाल सक्सेना, राकेशसरन सक्सेना, महेशचंद्र सक्सेना, अजय सक्सेना, सनी, अचिंत सक्सेना, रश्मि सक्सेना, आशीष सक्सेना, शेखर सक्सेना, रोहित रहे।

## उधारी के रुपये मांगने पर किशोरी को गोली मारी

**एटा, अमृत विचार :** निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी श्रीनिवास ने पुलिस को बताया कि गांव के राजकुमार पर उसके एक हजार रुपये उधार थे। आरोप है कि पीड़ित ने अपने रुपये मांगे तो राजकुमार पुत्र नेम सिंह ने विवाद शुरू कर दिया। झगडा होते देख पीड़ित की पत्नी सुधा और 14 वर्षीय बेटी नीरू मौके पर पहुंच आ गई। इसी दौरान आरोपी राजकुमार ने तमंचा से गोली चला दी, जो नीरू को जा लगी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दुकान से साड़ी चुराकर भाग रहीं महिलाओं को दुकानदार ने पकड़ा

**एटा, अमृत विचार:** नगर के बाबूगंज स्थित एक दुकान पर कुछ महिलाओं की टोली साड़ी लेने के बहाने पहुंची। ये महिलाएं दुकान से एक साड़ी चोरी करने के बाद चल दीं। सीसी टीवी देखने पर दुकानदार हरीश कुमार को साड़ी चोरी होने का पता चला। उन्होंने पीछा करके महिलाओं को पकड़ लिया। उनके शोर मचाने पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। तलाशी लेने पर महिलाओं के पास साड़ी भी मिल गई। इसका पता लगने पर पहुंची पुलिस महिलाओं को अपने साथ थाने ले गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

# बिजली की समस्या से निजात दिलाने को विधायक से मिले नरदौली के लोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** पटियाली क्षेत्र के गांव नरदौली के ग्रामीणों ने सपा विधायक नादिरा सुल्तान से मुलाकात की। ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य कराने और गांव में बिजली न आने की समस्या रखी। साथ ही समाधान की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और समस्या दूर की जाएगी।

नरदौली गांव के ग्रामीण एकत्रित होकर सपा विधायक नादिरा सुल्तान के आवास पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने गांव में विधायक निधि से एक प्रतीक्षालय और बिजली व्यवस्था सुधारने व 200 मीटर की गली का निर्माण कराने की मांग की है। विधायक को ग्रामीणों ने बताया की तराई क्षेत्र के लोगों का बिजली उपकेंद्र बीनपुर में है, जो नरदौली गांव से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके अंतर्गत 58 गांव आते हैं। वर्ष 2007 में 11000 लाइन आई थी, जिसके तार काफी जर्जर हो चुके हैं। इससे आए दिन तारों में फॉल्ट होता है। इतनी दूरी होने के कारण एक और उपकेंद्र बनना चाहिए। वहीं ग्रामीणों ने इन सभी मांगो को लेकर सपा विधायक को ज्ञापन दिया। वहीं, विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे 19 तारीख को लखनऊ ऊर्जा मंत्री से मुलाकात करेंगी।



विधायक नादिरा सुल्तान को ज्ञापन सौंपते गांव नरदौली के ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **नरदौली गांव के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

# माफियाओं पर होगी कार्रवाई निर्दोष को मिलेगा न्याय

संवाददाता, एटा

● **नवागत एसएसपी ने मीडिया के सामने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं**

**अमृत विचार:** नवागत एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराना और पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

नवागत एसएसपी ने बताया कि पुलिस में अनुशासन एवं दक्षता बनाए रखना, यातायात व्यवस्था और दुर्घटनाओं की मॉनीटरिंग, अंतर्जनपदीय विभागों से समन्वय स्थापित कर यातायात प्रबंधन को बढ़ावा दिया जायेगा। अपराधों का शत-प्रतिशत सटीक अनावरण, संलिप्त अपराधियों को ऑपरेशन कन्विक्शन में चिन्हित कराकर जल्द से जल्द सजा कराना। पुलिस के साथ जनसहभागिता सुनिश्चित कराकर त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराना। अपराधियों की नियमित निगरानी कराना, अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। उनके खिलाफ चल रहे मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाई जायेगी। शासन की प्राथमिकताओं वाले मुद्दों पर प्रभावी व समयबद्ध कार्रवाई कराना। नए कानूनों के अनुरूप पुलिस का प्रशिक्षण व उसके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराना। अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कराना प्राथमिकता में शामिल रहेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा एवं सीओ अमित कुमार राय भी उपस्थित रहे।

# वर्षों से बाढ़ का दंश झेल रहे तराई के किसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **कासगंज के राजस्व गांवों में बदायूं सिंचाई विभाग नहीं करता बाढ़ से बचाव के इंतजाम**

**अमृत विचार:** हर साल बाढ़ आती है। तबाही मचती है। राजस्व गांव कासगंज के हैं, लेकिन बाढ़ से बचाव की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग बदायूं के अफसरों की है, लेकिन कासगंज के राजस्व गांव की बदायूं सिंचाई विभाग के अधिकारी देखभाल क्यों करें यह तो उनके मन की बात है। तभी तो हर साल पत्राचार होता है और बदायूं सिंचाई विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं देते। गंगा पार के ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या से बर्बाद होना पड़ता है और वे मुआवजे के लिए कासगंज जिला प्रशासन से टकटकी लगाए रहते हैं।

बदायूं सिचाई विभाग के अफसरों की मनमानी तराई के लिए मुसीबत बन गई है। लंबे समय से तराई के ग्रामीण सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनदेखी का दंश झेल रहे हैं। कासगंज जिला प्रशासन के पत्रों पर बदायूं सिचाई विभाग गंभीर दिखाई नहीं देता। बारिश का मौसम आ चुका है। बावजूद इसके बाढ़ रोधी कार्यों को लेकर बदायूं सिचाई विभाग गंभीर नहीं है। कासगंज की पटियाली तहसील क्षेत्र के कादरगंज गंगा घाट के पार तमाम गांव सिंचाई विभाग बदायूं की हद में है। हालांकि, राजस्व क्षेत्र कासगंज का है। हर साल गंगा में आने वाली बाढ़ तराई में तबाही मचती है। किसानों के फसलें बर्बाद होतीं हैं। सिंचाई विभाग बदायूं के अधिकारियों को पत्र लिखकर गंगा में बाढ़ से बचाव के इंतजाम करने को कहा जाता है, लेकिन कासगंज जिला प्रशासन के निर्देशों पर सिंचाई विभाग बदायूं के अधिकारी गंभीर नहीं रहते।

> जिले में बाढ़ रोधी कार्यों के लिए जिम्मेदारियां डीएम ने सौंप दी हैं। कादरगंज पार के कुछ गांव जो सिचाई विभाग बदायूं के क्षेत्र में हैं वहां काम के लिए समय-समय पर पत्र लिखा जाता है।
> –**पंकज कुमार**, एसडीएम पटियाली

### पिछले साल बाढ़ से बर्बाद हो गई थीं फसलें

पिछले साल सितंबर में गंगा नदी में बाढ़ आई। उस समय तराई क्षेत्र में तबाही मची। गंगा पार के गांव के ग्रामीणों की फसलें जल मग्न हो गईं। फसलें बर्बाद होने से किसान परेशान हुए। जिला प्रशासन ने मुआवजा देने के लिए पहल की लेकिन लोगों को मुआवजा नहीं मिला।

### पक्के बांध की है जरूरत

गंगा नदी के पार लगभग दो दर्जन गांव जो कासगंज राजस्व क्षेत्र के हैं। उनमें पानी तबाही मचाता है। यहां नदी क्षेत्र बदायूं सिचाई विभाग का है। इस क्षेत्र के गांव गठौरा में एक बांध की जरूरत दिख रही है। ग्रामीण राजेंद्र, रामसेवक कहते हैं कि यदि बांध बन जाए तो शायद बाढ़ की तबाही से मुक्ति मिल जाए।

# कई प्रदेशों में धूम मचाती है सोरों की कांवड़

संवाददाता, सोरोंजी

● **सोरों के होडलपुर गांव में बांस के टुकड़ों से तैयार की जाती हैं कांवड़**

● **होडलपुर के लगभग सभी परिवार बनाते हैं कांवड़**

**अमृत विचार:** हर क्षेत्र की अपनी अलग पहचान होती है। तीर्थनगरी सोरोंजी धर्म क्षेत्र में अलग-अलग कई महत्व संजोए हुए हैं। इन्हीं में एक कांवड़ मेला है। यहां सिर्फ कांवड़ सजाई और संवारी ही नहीं जाती, बल्कि कावड़ तैयार भी होती है, जो दूसरे राज्य और शहरों में पहुंचकर धूम मचाती है।

कांवड़ मेले से पहले होडलपुर के कारीगर बांस के टुकड़ों को आकार देकर आकर्षक कांवड़ तैयार करने में जुटे हुए हैं। प्रदेश के रामघाट, राजघाट आदि सुदूर इलाकों के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई प्रदेशों से व्यापारी यहां से कांवड़ ले जाते हैं। दूर-दूर तक सोरों की कांवड़ मशहूर है। तीर्थनगरी में कांवड़ मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। व्यापारी अभी से कांवड़ का ऑर्डर देने के लिए सोरों पहुंच रहे हैं। इन दिनों होडलपुर गांव में में कांवड़ बनाने का काम निरंतर चल रहा है। यहां पहले कंडिया तैयार की जाती है, फिर कारीगर पूरी कांवड़ को आकार देते हैं। तरह-तरह के रंगों से बांस को रंगकर कारीगर कंडिया तैयार करने में जुटे हैं।

### 12 रुपये जोड़ी बिक रही कंडिया।

- 100 से 125 रुपये तक की तैयार हो रही कांवड़।
- एक कारीगर दिन में 25 से 30 कांवड़ कर लेता है तैयार।



तीर्थ नगरी सोरों में कांवड की कंडिया तैयार करते कारीगर। ● अमृत विचार

### काम में जुटे बहेलिया परिवार

मेले के समय कांवड़ बनाकर व अन्य समय में खेतों में मजदूरी करके परिवार को पालने वाले बहेलिया जाति के लोग गांव होडलपुर में सबसे अधिक हैं। लगभग सभी परिवार पिछले 25-30 सालों से कांवड़ बनाकर अपना भरण पोषण कर रहे हैं। इनमें से किसी भी परिवार के पास कृषि योग्य जमीन नहीं है। जीविका के लिए कांवड़ मेलों पर ही निर्भर रहते हैं।



बांस के खपच्चे रंगकर कंडिया को आकार देते हैं। रंग बिरंगी कंडिया बनाकर कांवड़ तैयार की जाती है। यहां की कांवड़ दूर दराज तक जाती हैं। – **दोजीराम**



तैयारी में जुटे हैं। यह काम सीजनल है। बाकी के दिनों में पंजाब में मजदूरी करने के लिए चले जाते हैं। कंडिया बनाने के लिए बांस जरूरी है। – **राधेश्याम**



बांस कासगंज से खरीद कर लाते हैं। उससे कंडिया बनाते हैं। ग्वालियर के एक व्यापारी ने हमें कांवड़ बनाने का ऑर्डर दिया है। – **नितिन प्रजापति**



हम कांवड़ नहीं बनाते सिर्फ कंडिया तैयार कर रहे हैं। एक दिन में पचास कंडिया बनाकर बेच देते हैं। दो सौ रुपये का मुनाफा हो जाता है। – **सत्यीवर**

# बवाल के बाद गंजडुंडवारा पहुंचे सपा सांसद पीड़ितों का हाल जाना

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** पुलिस के लाठीचार्ज को लेकर मामला तूल पकड़ गया है। इस घटना के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी एटा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने यहां पहुंचकर पीड़ितों से बातचीत की है। साथ ही प्रशासन के अधिकारियों से जानकारी ली है। उन्होंने भरोसा दिया है कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह पीड़ितों के साथ है।

सपा सांसद देवेश शाक्य को सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी एवं स्थानीय नेताओं ने कस्बा गंजडुंडवारा में पुलिस ने बेवजह मुस्लिम समाज के लोगों पर लाठी चार्ज किया है। उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उनके ताजिया तोड़ दिए। इससे आक्रोशित मुस्लिम समाज के लोग बुधवार को रात भर धरने पर बैठे रहे। गुरुवार को बाजार बंद रहा। गुरुवार को सपा सांसद देवेश शाक्य ने गंजडुंडवारा पहुंचकर पीड़ित लोगों से बातचीत की। एडीएम और एएसपी से भी बात की। कहा कि इसमें जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी समुदाय की भावना से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। किसी भी हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखना सब लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है। मगर पुलिस ने शांति बनाने के बजाय लाठीचार्ज कर दिया।



बवाल में घायल हुए बच्चे अदनान से का हालचाल पूछते सांसद देवेश शाक्य।

● **सांसद बोले- पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी समाजवादी पार्टी**

● **गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान लाठीचार्ज पर हो गया था बवाल**

### घायल बच्चे से पूछा हाल

एडीएम राकेश पटेल और एएसपी राजेश भारती ने लाठीचार्ज की घटना में घायल हुए बच्चे का हाल पूछा। उससे कहा कि कुछ पता है यह घटना क्यों हुई। बच्चा कुछ भी नहीं बता पाया। अधिकारियों ने बच्चे से कहा कि परेशान मत हो। जल्द ठीक हो जाओगे।

## सांड ने हमलाकर घायल किया

**एटा, अमृत विचार :** खेत पर काम करते समय एक किसान पर सांड ने हमला कर दिया। सकीट क्षेत्र के ग्राम इशारा पूर्वी निवासी हरेन्द्र सिंह अपने खेत में धान की रोपाई का कर रहे थे। तभी उन पर अचानक सांड ने हमला कर दिया। इसमें हरेन्द्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सांड के हमला करते देख आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग दौड़कर पहुंच गए। उन्होंने बमुश्किल सांड को भगाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरविन्द आयु 30 वर्ष व पुत्रवधु श्रीमती रश्मि उर्फ ललिता आयु 28 वर्ष को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व एक मकान चाचा चौक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा से बेदखल कर दिया है। मैं उनके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामनिवास गुप्ता पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम सुजावली परगना व तहसील सहसवान जिला बदायूँ।

सूचना
हमने अपने पुत्र आसिफ अली को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, हमारा वास्ता न होगा। साबिर अली पुत्र रहमत अली, जीनत पत्नी साबिर अली, निवासी-196, सैनिक बस्ती ग्राम- चनहेटा तह. व जिला बरेली।

गौतम बुद्ध महाविद्यालय
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
आवश्यकता है प्राचार्य पद की
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोट: विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक-9634543118, 8937841211
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कांवड़यात्रा के रास्ते किए जाएं गड्ढा मुक्त: डीएम

संवाददाता, एटा

● **कांवड़ यात्रियों की सहायता को लगेंगे शिविर, लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** कांवड़यात्रा 22 से शुरू होगी। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। इसमें डीएम ने कहा कि कावड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराना है। इसके लिए सभी एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा निर्वहन करें। कावड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु तैयारी पूर्ण कर लें। इसके तहत सड़क किनारे समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि इस बार श्रावण मास में कावड़ यात्रियों के निकलने वाले रूटों पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर सड़क की मरम्मत शत-शत पूर्ण करा दी जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। समस्त एसडीएम तहसील क्षेत्र के थाना प्रभारी, खंड विकास अधिकारी, एसडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एक बार सुनिश्चित कर लें, जिससे कावड़ यात्रा के दौरान कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो। इसके साथ ही शिव मंदिरों एवं रूटों का भी एक बार भ्रमण कर लिया जाए। कावड़यात्रा के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष नजर रखी जाए। इसमें किसी भी प्रकार की अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने कहा कि कावंड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त थानों एवं प्रमुख शिव मंदिरों पर एम्बुलेंस सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 शिविर स्थलों पर मेडिकल टीम लगाई जाएगी। इसके साथ ही रूटों पर पर्याप्त स्थायी, अस्थायी बैरियर सुविधाजनक रूप से लगाए जाएं। चिन्हित स्थानों पर सहायता शिविर में कांवड़ यात्रियों को पीने के पानी, मेडिकल, प्रकाश आदिआवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### कावड़ यात्रा के निर्धारित रूटों पर सड़कों की मरम्मत शुरू

**एटा, अमृत विचार :** कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्धारित रूटों पर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि कावड़यात्रा के रूटों पर सड़कों की मरम्मत का कार्य 24 घंटे के अंदर पूर्ण कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम के निर्देश पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड आदर्श कुमार वर्मा ने टूण्डला-एटा मार्ग पर एटा शहर में माया पैलेस तिराहा से आगरा चुंगी तक पैच मरम्मत व पॉट होल्स भराने का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एटा-टूण्डला मार्ग के शेष आबादी भाग वसुन्धरा, मोहनपुर व अवागढ में पॉटहोल्स भरकर गढ्डा मुक्त कराये जाने का कार्य प्रगति में है, जिसे शीघ्र ही मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। एटा-टूण्डला मार्ग के अतिरिक्त इसौली जलेसर सिकन्द्राराऊ मार्ग पर पॉटहोल्स भरकर पैच मरम्मत का कार्य भी आरंभ कर दिया गया है, जिसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उधर, कावड़यात्रा को देखते हुए एटा शहर की प्रमुख सड़कों पर गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया। गुरुवार को सुबह से लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी काम में जुटे रहे। गड्ढा भरने के बाद ऊपर से पन्नी डाली जा रही है। इस पन्नी को तारकोल से चिपकाया जा रहा है। इससे बरसात होने पर गिट्टी बाहर ना आ सके। गुरुवार सुबह से लोक निर्माण विभाग टीम आगरा रोड सहित प्रमुख उन स्थानों पर गड्ढे भर रही है, जिन स्थानों पर कांवड़िया निकलेंगे। कावंडयात्रा के दौरान कोई परेशान ना इसके लिए सभी गड्ढों को भरने के बाद उन पर पन्नी डाली जा रही है।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ॥

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।


## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन, न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।



संजय वर्मा
इंदौर

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन- सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता- महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

## एक नजर

### निलंबित आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी को धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) से निलंबित चल रहे प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी को अलग-अलग नंबरों से फोन कर जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने गुरुवार को इसकी शिकायत प्रेमनगर थाने में की। वह इससे पहले एसएसपी से भी शिकायत कर चुके हैं। नदीम कुरैशी ने बताया कि उन्होंने जो फोन नंबर सामूहिक निकाह कराने की अनुमति के लिए प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा था। उसी फोन नंबर पर 14 जुलाई से धमकियां मिल रही हैं। आरोप है कि फोन करने वाले लोग खुद को हिंदूवादी संगठन का बता रहे हैं। नदीम कुरैशी ने प्रेमनगर थाने में ऐसे 10 फोन नंबरों की जानकारी दी है, जिनसे उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### एडीओ पंचायत को 60 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** हाथबंत ब्लॉक के एडीओ पंचायत को विजिलेंस टीम ने 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा। रोहित कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी इंद्रपुरी शमशाबाद रोड थाना ताजगंज ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। बताया कि उनकी आरके कंस्ट्रक्शन के नाम से फर्म है। विकास खंड हाथवंत में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के लिए आवेदन किया था। फाइल स्वीकृत कराने के नाम पर 60 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। टीम ने योजना बनाकर एडीओ पंचायत रक्षपाल सिंह को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### दो स्कूली वाहन सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन के निर्देश के बाद स्कूली वाहन के रूप में पंजीकृत न होने के बाद भी वाहन को लाने ले जाने का का काम चल रहा है। जिसके चलते एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार ने अभियान चलाया है। स्कूली वाहनों की चेकिंग की। कई वाहनों की फिटनेस नहीं थी। दो वाहनों को सीज किया गया और सात वाहनों का चालान किया गया है।

### युवक को किया घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा रवन्ना में बच्चों की बीच विवाद हो गया था। बच्चों के अभिभावक आमने-सामने आ गए। कहासुनी और गाली-गलौज हुई। इसी दौरान कमर हुसैन पुत्र परवेज पर उसके चचेरे भाई सब्बू पुत्र जावेद ने चाकू से हमला किया। कमर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी है।

# खलील स्कूल प्रबंधन बैकफुट पर, तौकीर को झटका...कार्यक्रम की अनुमति निरस्त

## स्कूल प्रबंधन ने दिया तर्क, उनको नहीं बताया गया था कि धर्म परिवर्तन भी होगा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **सामाजिक कार्य समझकर दी गई थी कार्यक्रम की अनुमति**

**अमृत विचार :** हिंदू युवाओं के सामूहिक निकाह का शगूफा छोड़ने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को गुरुवार को एक बार फिर बड़ा झटका लगा। खलील स्कूल प्रबंधन ने यह कहकर मौलाना के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी कि उन्हें नहीं बताया गया था कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई कार्यक्रम किया जाएगा।

खलील हायर सेकेंड्री स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन और प्रबंधक मुमताज अख्तर की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए पत्र के मुताबिक स्कूल में कार्यक्रम की अनुमति इसलिए दी गई थी, क्योंकि सामूहिक निकाह एक पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन गरीब कन्याओं के लिए हर वर्ग की सामाजिक संस्थाएं करती रहती हैं।

> कार्यक्रम विवादित होगा, इसके बारे में पता नहीं था। पूरा मामला मीडिया के जरिए पता चला तो कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी। इस तरह के आयोजनों की अनुमति स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दी जाती।
>
> – *मुमताज अख्तर*, प्रबंधक, खलील स्कूल

प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जो प्रार्थना पत्र दिया गया था, उसमें धर्म परिवर्तन की बात नहीं की गई थी।

सामूहिक निकाह की अनुमति केवल अच्छे सामाजिक कार्य के आधार पर दी गई थी। अगर कार्यक्रम विवादित होने का शक होता तो अनुमति किसी भी हाल में नहीं दी जाती। ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति विद्यालय कभी नहीं देता है।

फिलहाल, स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम की अनुमति को निरस्त कर दिया है।

### पलटे तौकीर, खुद ही कार्यक्रम किया स्थगित

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** हर तरफ से हो विरोध के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कार्यक्रम से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। वह खुद तो सामने नहीं आए, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुफ्ती अहसानुल चतुर्वेदी के नाम से एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया कि उन्होंने प्रशासन से मुस्लिम युवाओं के पूर्व में हुए धर्म परिवर्तन के मामलों की जांच का आश्वासन मिलने के बाद 21 जुलाई को पूर्व घोषित सामूहिक निकाह का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। मौलाना ने इस पत्र की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम के वीडियो मैसेज में इस बात को स्पष्ट करने के बाद कि पूर्व में पंजीकृत धर्म परिवर्तन या प्रकाश में आए प्रकरण को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ भी कानून कार्रवाई की जाएगी।

लिहाजा, यह स्पष्ट हो गया कि पूर्व में जिन लोगों ने मुस्लिम लड़कियों के गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराए होंगे, उन मामलों में जांच और कार्रवाई होगी। हम कानून के खिलाफ कोई काम नहीं करना चाहते। पहले भी इस बात को स्पष्ट किया गया था कि अनुमति नहीं मिली तो कार्यक्रम नहीं करेंगे।

### राहुल गांधी केस में कोर्ट ने पुलिस से मांगी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट

**विधि संवाददाता, बरेली :** जातिगत जनगणना पर भाषण देकर भावनाएं भड़काने के आरोप में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विचाराधीन मुकदमे में स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने थानाध्यक्ष कोतवाली से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई को 13 अगस्त की तिथि नियत की है।

सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अपने वकील अनिल द्विवेदी के जरिए कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि 28 मई दोपहर 2 बजे कचहरी परिसर में टीवी पर राहुल गांधी का जातिगत जनगणना संबंधी भाषण देखा और सुना था। भाषण में राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए देश की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए भड़काऊ बयान दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराने को कोर्ट में अर्जी दी थी। राहुल के खिलाफ 21 जून को अदालत ने वाद दर्ज किया था।

# तौकीर के बयानों से आगरा में हिंदूवादियों में उबाल

**संवाददाता, आगरा**

- **किया ऐलान, वह भी उसी आयोजन में मुस्लिम लड़कियों की कराएंगे घर वापसी**

**अमृत विचार:** तौकीर रजा के बयान से ताजनगरी में माहौल गर्मा गया है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ऐलान किया है कि हम लोग बरात ले जाकर मुस्लिम महिलाओं की घर वापसी कराएंगे। उन्होंने 22 जुलाई को रिसेप्शन करने को भी कहा है। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।

गौरतलब है कि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का ऐलान किया था। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि तौकीर रजा प्रशासन की अनुमति न मिलने के बाद भी आयोजन कर रहे हैं। तौकीर रजा ने ऐसा कराया तो वे लोग भी बरात ले जाकर मुस्लिम महिलाओं की घर वापसी कराएंगे। वह भी उसी आयोजन में पहुंचकर शादी कराएंगे। इसके लिए उन्हें सांकेतिक बरात भी निकाली। इससे पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। खुफिया एजेंसी ने भी शासन को रिपोर्ट भेजी है।

### विश्व हिन्दू महासंघ ने फूंका मौलाना तौकीर रजा का पुतला

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह रावत ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा द्वारा खुलेआम हिन्दुओं के गरीब व कमजोर तबके के लोगों को फुसलाया जा रहा है। कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा के आह्वान पर आंबेडकर पार्क चौराहे पर मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका। चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश में पुतला दहन एवं मशाल जुलूस निकालकर आंदोलन किए जाएंगे।

# घाटों पर तैयारियां पूरी, गंगा जल लेने पहुंचेंगे श्रद्धालु

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **आज रात से डायवर्ट हो जाएंगे रूट, कछला गंगा घाट की ओर नहीं जा पाएंगे भारी वाहन**

**अमृत विचार:** दो दिन बाद श्रावण मास शुरू हो रहा है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करेंगे। इसके लिए दूर दराज के श्रद्धालु कछला गंगा घाट पर जल लेने के लिए पहुंचने लगे हैं। स्थानीय स्तर के श्रद्धालुओं का भी कल से जमावड़ा लगना शुरू हो जाएगा। इधर श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए प्रशासन भी घाट पर तैयारियों को पूरा करने में जुट गया है। आज रात से कछला गंगा घाट की ओर जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने रूट डायवर्ट प्लान भी तैयार कर लिया है। जगह जगह बैरियर भी लगाए जाने लगे हैं।

गंगा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बरेली, मुरादाबाद, संभल सहित अन्य स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु कछला स्थित गंगा घाट पर पहुंचते हैं। शिवालयों तक पहुंचने के लिए उन्हें अधिक समय चाहिए होता है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार में मात्र तीन दिन का समय शेष बचा है। जिसके चलते दूर दराज के श्रद्धालु कछला गंगा घाट पर पहुंचने लगे हैं। जिससे वह समय से शिव मंदिरों में पहुंच जाएं। शुक्रवार को इनकी संख्या में और इजाफा हो जाएगा। शनिवार से स्थानीय श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचने शुरू हो जाएंगे।

### दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी, 70 लाख जमा कराए

**बरेली, अमृत विचार :** जीएसटी की टीम ने एक पान मसाला कारोबारी के प्रतिष्ठान में छापा मारकर दो करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी है। 25 करोड़ का कारोबार करने वाला व्यापारी जीएसटी के रूप में मात्र दस हजार रुपये जमा कर रहा था। बोगस फर्मों से खरीद फरोख्त जारी रखते हुए टैक्स का समायोजन दिखाकर वास्तविक जीएसटी देने से बच रहा था। मामले में कारोबारी ने 70 लाख रुपये कोषागार में जमा किए हैं। दो दिन पहले ज्वाइंट कमिश्नर विशेष अनुसंधान इकाई अवधेश सिंह की अगुवाई में टीम ने संजय नगर के मोहल्ला कंथारी में पान-मसाला, तंबाकू विक्रेता श्याम ट्रेडर्स की जांच की। ज्वाइंट कमिश्नर के अनुसार गुरुवार को बोगस खरीद पर 70 लाख की धनराशि व्यापारी की ओर से राजकीय कोषागार में जमा की गई।

# टैबलेट पाकर स्मार्ट हुए नर्सिंग के छात्र-छात्राएं

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



टैबलेट वितरण के दौरान अतिथियों के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

- **स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत किया गया वितरण**

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत रामनाथ राम नारायण मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में डी फार्मा, बी फार्मा, एएनएम की छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, विशिष्ट अतिथि शिशुपाल सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मंत्री अंकित मौर्य ने टैबलेट का सदुपयोग करने का आह्वान किया।

बिल्सी विधायक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को सभी छात्र-छात्राएं अपने जीवन में उतारें। जिन्होंने उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको कहा था। ज्ञान को कोई बांट नहीं सकता। सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत टैबलेट दिया गया है उससे जानकारी प्राप्त करें और निरंतर में अपने जीवन में अग्रसर हों। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि टैबलेट का प्रयोग पढ़ाई के लिए ही करें। सरकार की मंशा अनुरूप भविष्य में प्रगति पथ पर अग्रसर हों। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। संघर्षरत बने रहना चाहिए। तभी मंजिल मिल सकेगी। प्राचार्य हेमंत भारद्वाज ने स्वामी विवेकानंद के बताए नियमों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्टी किरन थरेजा, मैनेजर विक्रांत मेंहदीरत्ता, सचिव करन थरेजा ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन नवनीत ठक्कर ने किया। प्रीति पाल, निशा शर्मा, शिखा वर्मा, दयाराम, सुबोध पाठक, पंकज मिश्रा, शिवम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# किसानों का मोहभंग... 25 हजार से घटकर 22 हजार हेक्टेयर बचा गन्ने का रकबा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



- **गन्ने की फसल का रकबा बढ़ाने को फिर से सर्वे करने के निर्देश**
- **किसानों के साथ गोष्ठी कर दी जाएगी रोगों से बचाव की जानकारी**

**अमृत विचार :** बीमारी लगने से कम हो रहा गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने को विभाग ने फिर से गन्ना खेती का सर्वे कराने का निर्णय लिया है। विभाग गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने को गांव गांव गोष्ठियां करेगा और गन्ना के बेहतर उत्पादन की जानकारी देगा। जिससे कुछ नए गन्ना किसान तैयार हो सकें।

जनपद में गन्ना खेती का रकबा करीब 22 हजार हेक्टेयर है। जबकि चार साल पूर्व तक गन्ना खेती का रकबा 25 हजार हेक्टेयर के आस पास था। इसलिए घटता रकबा विभाग को चिंता पैदा करने वाला है। रकबा बढ़ाने को विभाग ने फिर से कवायद शुरू कर दी है। गन्ना विभाग ने मई और जून में गन्ना खेती का सर्वे कराया था। गन्ना खेत का सर्वे किया गया। किसानों के साथ गोष्ठियां भी की गयीं। किसानों को गन्ना के नए बीज की जानकारी दी गयी। नया गन्ना लगाने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। अब फिर गन्ना विभाग ने गांव गांव गोष्ठियां करने का निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि गन्ना एक साल में तैयार होता है। किसान चीनी मिल पर गन्ना डालते हैं, उसमें भुगतान संबंधी समस्याएं पहले आती थीं मगर अब समय से पहले ही गन्ना किसानों का भुगतान कर दिया जाता है। साथ ही गन्ने की कुछ नई उन्नतशील किस्में आ गयी हैं जिससे गन्ना किसानों को बेहतर लाभ होगा। नए गन्ना किसान तैयार किए जाएंगे।

### मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पाता

शासन की मंशा है कि हर जनपद में गन्ने का रकबा बढ़ाया जाए जिससे एक और चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना मिल सके जिससे चीनी मिलें निर्धारित समय तक चालू रह सकें। गन्ना का रकबा कम होने से कई चीनी मिलें पूरे पेराई सत्र तक नही चल पाती है। उन्हें पहले ही बंद करना पड़ता है। इसलिए गन्ना का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया जाए। शासन के निर्देशों के अनुसार ही गन्ना का रकबा बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

> गन्ना विभाग रकबा बढ़ाने को एक वार फिर गांव गांव गोष्ठियां करेगा। गन्ना उत्पादन से होने वाले लाभ के बारे में किसानों को बताया जाएगा। इसके लिए हर तहसील क्षेत्र में गन्ना पर्यवेक्षक जाएंगे। गन्ने की नई किस्म की जानकारी दी जाएगी जिससे किसान गन्ना खेती से जुड़ सकें। इस तरह गन्ना खेती का रकबा बढ़ाए जाने की तैयारी है।
>
> – **अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

### कंपार्टमेंट परीक्षा 20 को, 6456 छात्र होंगे शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडियट की कंपार्टमेंट और इंम्प्रूवमेंट की परीक्षा 20 जुलाई को होगी। परीक्षा में बरेली और मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के 6456 छात्र शामिल होंगे। परिषद के क्षेत्रीय सचिव ने इस संबंध में सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं। गुरुवार को परीक्षा से संबंधित शिकायत और छात्रों को जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंट्रोलरूम की शुरूआत कर दी गई। क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। इसके लिए कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक सहित छह कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्वक हो, इसके लिए विशेष रूप से जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं।

# जमीन के विवाद में भिड़े दो पक्ष, नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **जमीन को लेकर हुआ था विवाद, किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर किया वायरल**

**अमृत विचार :** जमीन को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। जो मारपीट में बदल गई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कराने की बजाय वीडियोग्राफी की। दोनों पक्ष ने तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक पक्ष के चंदोई निवासी इस्लाम पुत्र रहमानशाह ने तहरीर देकर बताया कि गांव के शफीक, बबलू पुत्र मुन्नाशाह, असलम पुत्र वहारुद्दीन, माजिद पुत्र साहिद, उवैश पुत्र मुन्नाशाह ने उनकी जमीन की चाहरदीवारी तोड़ दी। वह जमीन पर कब्जा कर रहे थे। इस्लाम, उनके भाई शहजाद, सबीना, रुख्सार ने विरोध किया तो उन लोगों ने लात-घूसे और लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। इस्लाम की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं दूसरे पक्ष के मोहम्मद शफीक पुत्र मुन्नाशाह ने भी तहरीर दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को उनके पिता, वहारुद्दीन पुत्र इब्राहिम, सालिम जहां, असलम, भोला, इस्लाम, उस्मान, शहजाद की जमीन को लेकर आपस में कहासुनी हो रही थी। मोहम्मद शफीक उन्हें समझाने लगे। आरोप है कि उस्मान, शहजाद, इस्लाम और भोला ने उनके साथ मारपीट की। बचाने गए लोगों की भी पिटाई लगा दी। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी। दोनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए 1159 पुलिसकर्मी और होमगार्ड रहेंगे तैनात

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **भागीरथी घाट के अलावा बैरियर पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी**

**अमृत विचार :** सावन के महीने में कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। आज देर शाम आठ बजे से बड़े वाहनों को कांवड़ियों के मार्गों पर नहीं जाने दिया जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली है। जगह-जगह बैरियर रहेंगे। सीओ, थाना प्रभारियों को मिलाकर 1159 पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। जो बैरियर के अलावा कांवड़ियों के रूट पर भी तैनात रहेंगे। रास्तों पर पुलिस पिकेट भी मौजूद रहेंगी।

तीन दिन बाद 22 जुलाई से सावन महीने की शुरूआत हो जाएगी। बरेली-मथुरा राजमार्ग, कादरचौक होते हुए कासगंज मार्ग, सहसवान, बिसौली आदि मार्गों से कांवड़ियों की आमद होगी। कांवड़ियों की सुरक्षा के चलते वाहनों का रूट डायवर्ट हुआ है। जो आज देर शाम आठ बजे से शुरू होकर सोमवार शाम छह बजे तक चलेगा।

कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर पांच सीओ, 13 थाना प्रभारी, 21 निरीक्षक, 100 उपनिरीक्षक, एक महिला उपनिरीक्षक, 161 हेड कांस्टेबिल, 393 कांस्टेबिल, 91 महिला कांस्टेबिल और 374 होमगार्ड कांवड़ियों के रूट पर तैनात किए गए हैं। जो कछला स्थित भागीरथी घाट से लेकर रूट पर तैनात रहेंगे। 20 जुलाई को दूसरे जिलों की पुलिस भी बदायूं आएगी। सुरक्षा बलों को निर्देशित करने के लिए प्रशासन ने बुकलेट तैयार की है। जिसका वितरण किया जाएगा। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### जलाभिषेक से पहले पूर्णिमा पर होगी इंतजामों की परीक्षा

सावन में इस बार पांच सोमवार पड़ रहे हैं। पहला सोमवार 22 जुलाई तो एक दिन पहले रविवार को पूर्णिमा का गंगा स्नान होगा। पूर्णिमा वाले दिन भी उन कांवड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है, जो पहले सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। इसलिए भी इंतजाम शनिवार शाम तक पूरे करने के निर्देश जिला प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। कछला समेत सभी घाटों पर पूर्णिमा वाले दिनर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ जुटती है। पिछले दिनों में गंगा स्नान के दौरान 10 श्रद्धालुओं की जान भी जा चुकी है। इसे लेकर भी प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

**बरेली कॉलेज** | बीएससी जीव विज्ञान और बीए के छात्र शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक ले सकेंगे प्रवेश

# दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया गया है। छात्र अब शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। वहीं प्रथम मेरिट में शामिल छात्र जो प्रवेश लेने से छूट गए हैं, उन्हें भी कॉलेज प्रवेश का मौका दे सकता है।

बीए, बीएससी और बीकॉम की 4928 सीटों पर अब तक 1628 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। अभी 67 प्रतिशत सीटें खाली हैं। बीए में अब तक 702, बीकॉम में 378, बीएससी जीव विज्ञान में 281 और बीएससी गणित में 267 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया है।

छात्र शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र मेरिट के लिए सिर्फ मेसेज का ही इंतजार न करें। वह लगातार वेबसाइट भी चेक कर मेरिट देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहली मेरिट में शामिल कई छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया है। उन्हें एक और मौका देने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रवेश के लिए किसी भी दलाल के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।

### सीयूईटी के परिणाम की वजह से कम हुए प्रवेश

मेरिट में आने के बाद भी कई छात्रों ने अभी प्रवेश नहीं लिया है, इसका कारण सीयूईटी का परिणाम न आना भी है। कई छात्रों ने दूसरे संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। ऐसे में वह परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

### बीकॉम ऑनर्स की तीसरी मेरिट जारी

बरेली कॉलेज ने बीकॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष की तीसरी मेरिट में शामिल छात्रों को 19 और 20 जुलाई को विभाग में सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश लेना होगा। मेरिट की कटऑफ ओपन-73.24-62.17, सामान्य महिला-61.55-59.36, ओबीसी-61.69-47.03, एससी-सभी, एसटी-सभी रही है। वहीं पहली और दूसरी मेरिट में छूटे हुए छात्रों को 19 जुलाई को सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश का एक और मौका दिया गया है।

### बीसीए की एक और मेरिट जारी

बरेली कॉलेज ने बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की एक और मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्रों को 19 और 20 जुलाई को सुबह 9 से 1 बजे तक विभाग में प्रवेश लेना होगा। मेरिट की कटऑफ सामान्य ओपन-78.11-74.089, महिला-74.089-72.47, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, ओबीसी ओपन-72.80-71.13, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, ईडब्ल्यूएस-62.16-58.09, एससी-67.17-63.53, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, एसटी-सभी, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी रही है।

# हनुमान मंदिर में मां गंगा आरती की तर्ज पर हुई आरती

**संवाददाता, बिल्सी**

- **महाआरती में भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया**

**अमृत विचार :** गंगा आरती की तर्ज पर बिल्सी के प्राचीन पंचमुखी सिद्धबली हनुमान बाबा मंदिर पर महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा आरती के पुरोहितों ने भाग लिया। अवसर था मंदिर के स्थापना दिवस के मौके पर पौधारोपण भी किया गया।

बिल्सी नगर के मोहल्ला नंबर दो स्थित ओम धाम भूदेवी स्कूल के समीप पंचमुखी सिद्धबली हनुमान बाबा मंदिर पर बाबा की महाआरती में भक्तों ने बड़ी संस्था में भाग लिया। भव्य और दिव्य आरती के दर्शन करने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया और महाबली पंचमुखी हनुमान बाबा के दर्शन किए। इससे पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें कछला गंगा घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती के पुरोहितों ने भाग लिया। इस अवसर पर ऋषभ प्रकाश, विनोद भारद्वाज, अंबुज वार्ष्णेय, सुरेश बाबू वार्ष्णेय रामा कोल्ड स्टोर लव कुमार वार्ष्णेय, राजीव माहेश्वरी, बुक डिपो, संजीव कुमार, राजकुमार, सचिन कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर वार्ष्णेय, दिनेश चंद्र शर्मा, राजा बाबू वार्ष्णेय, चिंकी माहेश्वरी, मनोज वार्ष्णेय, राजीव कावरा, अरविंद शर्मा, गिरीश माहेश्वरी, चिराग मस्ताना, मनोज तोमर, संदीप वार्ष्णेय सर्राफ आदि ने कार्यक्रम में सेवा कर योगदान दिया।

## पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** हम सफर रिसॉर्ट से जुड़े मामले में पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 30 जुलाई को सुनवाई होगी।

समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने बेनजीर के पास हम सफर रिसॉर्ट का निर्माण कराया था। यह पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के नाम है। सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ घेराबंदी कर दी थी। उनके परिजनों पर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा हम सफर रिसॉर्ट बनाने के दौरान सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा था। नौ जुलाई को प्रशासन ने इसे कब्जा मुक्त करा लिया था। सरकारी जीमन का कुछ हिस्सा अभी भी रिसॉर्ट में शामिल है। इसी के चलते गुरुवार को पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में पेश होकर बयान दर्ज कराए।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय तिवारी ने बताया कि डॉ.तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में बयान दर्ज कराए हैं। अब इस मामले में 30 जुलाई को सुनवाई होगी।

# सावन में भारी वाहनों और बसों का रूट डायवर्जन लागू

### प्रत्येक शुक्रवार रात 8 से सोमवार सुबह 10 बजे तक रहेगी व्यवस्था

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने भारी वाहनों और बसों का रूट डायवर्जन लागू किया है। डायवर्जन 22 जुलाई से 19 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। भारी वाहनों का डायवर्जन प्रत्येक शुक्रवार रात 8 से सोमवार रात 10 बजे तक और रोडवेज बसों का रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक लागू रहेगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज ने बताया कि रूट डायवर्जन के तहत झुमका तिराहा से मिनी बाईपास की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के भारी वाहन ट्यूलिया अंडरपास से आवागमन कर सकेंगे। लखनऊ से बरेली होकर दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन फतेहगंज पूर्वी से नवादा मोड़, दातागंज-बदायूं रोड, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की तरफ जा सकेंगे। बरेली से मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास होते हुए मिलक- शाहबाद-चंदौसी, अनूप शहर, नरौरा अलीगढ़, आगरा होकर जा सकेंगे। बरेली से लखनऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, फरीदपुर, शाहजहांपुर होते हुए जाएंगे। शाहजहांपुर में कांवड़ियों की संख्या अधिक होने पर वाहनों को बरेली से बड़ा बाईपास, भुता-बीसलपुर होते हुए आगे भेजा जाएगा। महानगर बरेली में इन्वर्टिस तिराहा, बीसलपुर रोड, विलयधाम, बिलवा पुल से भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### जिले में कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्ग

- कछला घाट (बदायूं)-बरेली-बदायूं मार्ग पूरी तरह कांवड़ यात्रा के लिए समर्पित रहेगा। इस दौरान रोडवेज बसें, हल्के वाहन व अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को निर्धारित डायवर्जन से धीरे-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी। पीलीभीत जिले के कांवड़िये महानगर से विलयधाम होते हुए जाएंगे।
- ब्रजघाट (गढ़ मुक्तेश्वर-हापुड़)-रामपुर से झुमका-बड़ा बाईपास-शाहजहांपुर तक के मार्गों में एक लेन कांवड़ यात्रा के लिए समर्पित रहती है। रोडवेज बसें, हल्के वाहन और अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को निर्धारित डायवर्जन से धीरे-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी।
- हरिद्वार से रुद्रपुर-बहेड़ी होकर बिलवा पुल से आकर श्रद्धालु जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। बिलवा पुल-विलयधाम से कांवड़िये पीलीभीत-बीसलपुर-खीरी (गोला गोकर्णनाथ), शाहजहांपुर के लिए निर्धारित रूट पर जाएंगे।
- महानगर बरेली में रामगंगा तिराहा से चौपुला तक एवं चौपुला से किला एवं पटेल चौक तक किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- झुमका तिराहा से महानगर तक का मार्ग कांवड़ यात्रा के लिए रहेगा। इस दौरान हल्के वाहनों के साथ अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को धीरे-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी।

### इन रास्तों से गुजरेंगी रोडवेज बसें

रोडवेज बसों समेत छोटे वाहनों का रूट डायवर्जन प्रत्येक रविवार को सुबह 6 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसमें पुराना बस अड्डा से सभी रोडवेज बसें और हल्के वाहन पटेल चौक, चौकी चौराहा, गांधी उद्यान, मालियों की पुलिया सेटेलाइट होकर जा सकेंगे। दिल्ली की ओर जाने वाली रोडवेज बसें और हल्के वाहन सेटेलाइट से नरियावल, टीपीनगर, इन्वर्टिस तिराहा, बड़ा बाईपास, झुमका तिराहा होते हुए रामपुर की ओर जा सकेंगे। लखनऊ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें और हल्के वाहन सेटेलाइट से नरियावल, टीपीनगर, फरीदपुर होते हुए शाहजहांपुर की ओर जाएंगे। बरेली से आगरा-मथुरा की ओर जाने वाली रोडवेज बसें व हल्के वाहन सेटेलाइट, इन्वर्टिस, बड़ा बाईपास, झुमका तिराहा, मिलक, शाहबाद, बिलारी, बबराला, नरौरा, अलीगढ़ होते हुए आ-जा सकेंगे। बरेली से बदायूं जाने वाली रोडवेज बसें व हल्के वाहन लाल फाटक, रामगंगा पुल पार कर, अखा मोड़, अलीगंज, आवंला, कुंवर गांव होकर आ-जा सकेंगे।

## बीटेक में कल से शुरू होगी काउंसिलिंग

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 20 जुलाई से काउंसिलिंग शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने फेज 1 के राउंड 1 का काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया है। जेईई मैन्स सीआरएल (जनरल रैंक) 1 से 400000 वाले छात्रों को 20 जुलाई, 400001 से 750000 वालों को 22 जुलाई, 750001 से 1400000 वालों को 23 जुलाई और 14 लाख से ऊपर वालों और नॉन जेईई मैंस (12 मेरिट स्टूडेंट्स) को 24 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक काउंसिलिंग के लिए पहुंचना होगा। छात्रों को जरूरी दस्तावेजों की मूल और प्रतिलिपि लेकर आनी होगी। सीट अलॉट होने के बाद छात्रों को शुल्क जमा करना होगा। शुल्क संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है और छात्रों की ईमेल आईडी पर भी भेजी जाएगी।

**जल्द जारी होंगे परिणाम** :बरेली, अमृत विचार : स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब सिर्फ सेमेस्टर पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन शेष रह गया है। विश्वविद्यालय जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी करेगा।

# पिटाई से नाराज ताजियादारों ने कोतवाली का किया घेराव



कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन करते ताजियादार। अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा

- मोहल्ला घोसियाना बाजार में कुछ अराजकतत्वों से तजियादारों की हाथापाई हो गयी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत धौरहरा के मोहल्ला घोसियाना बाजार वार्ड से निकले जुलूस में ब्लॉक मस्जिद के निकट कुछ अराजकतत्वों से तजियादारों की हाथापाई हो गयी, जिसके बाद तजियादार कोतवाली पहुंचे और नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने हीलाहवाली की और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इससे ताजियादार भड़क गए। गुरुवार को बड़ी संख्या में ताजियादारों ने कोतवाली पहुंचकर घेराव किया और प्रदर्शन करने लगे। वह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। आक्रोष को देख पुलिस बैक फुट पर आ गई।

प्रभारी निरीक्द्वाषक ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर भीड़ शांत हुई। मोहल्ला बाजार वार्ड के तजियादार शोएब पुत्र रफीक, गुड्डू पुत्र मुन्ने आदि लोगों ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जुलूस के दौरान मोहल्ला पठान वार्ड निवासी कुछ युवक मिल गए और औरतों की भीड़ में घुसने की कोशिश करने लगे। जिसका विरोध करने आरोपियों ने ताजिया पर लात मार दी और क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की और मारपीट करने लगे। सैकड़ों की संख्या में आक्रोषित ताजियादार गुरुवार को कोतवाली पहुंच गए और घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। भीड़ देखकर कोतवाली पुलिस के हांथ पांव फूल गए। कोतवाल सहित अन्य स्टाफ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## एक लाख का इनामी शाहनूर मुठभेड़ में ढेर, साथी फरार

शाहजहांपुर कार्यालय

- संभल निवासी अपराधी पर दर्ज हैं हत्या, डकैती, लूट सहित 32 केस, 2022 से चल रहा था फरार

**अमृत विचार:** संभल के एक लाख के इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू को बरेली की एसटीएफ ने बुधवार रात मुठभेड़ में मार गिराया। उसका साथी भाग गया। उसके पास से पुलिस ने दो अवैध असलाह, 11 जिंदा कारतूस और पांच खोखा कारतूस व एक बाइक बरामद की है। शाहनूर के खिलाफ संभल और मुरादाबाद के विभिन्न थानों ने लूट, डकैती, हत्या जैसे गंभीर धाराओं में 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बरेली की एसटीएफ के सीओ अब्दुल कादिर को सूचना मिल रही थी कि संभल के थाना हयातपुर के मोहल्ला भूड़ा सरायतरीन हयातनगर निवासी शाहनूर शाहजहांपुर में तिलहर, कटरा, मदनापुर, जलालाबाद तक अपने साथी के साथ सक्रिय है। बुधवार रात सूचना मिली कि शाहनूर तिलहर से चलकर बरखेड़ा जयपाल होते हुए मदनापुर में किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है। सूचना पर एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली के सीओ और उनकी टीम ने बरखेड़ा जयपाल से तिलहर रोड पर नहर पुलिया पर घेराबंदी कर ली। लगभग दो-ढाई घंटे इंतजार करने के बाद शाहनूर अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से आता दिखाई दिया, जिसे रुकने के लिए कहा तो बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति उतरकर भाग गया। मुख्य आरक्षी गिरिजेश पोसवाल, शिवओम पाठक, आरक्षी संजय यादव ने पीछा किया। नहर पटरी के उत्तर की तरफ हड़बड़ाकर गिर गया। इसके बाद शाहनूर ने आड़ का सहारा लेकर टीम पर फायर करना शुरू कर दिया।

टीम ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमें शाहनूर को गोली लग गई। नजदीक जाकर देखा तो उसके दाहिने हाथ में रिवाल्वर व पीठ पर एक लाल रंग का पिट्ठू बैग लदा हुआ था। बिना नंबर की बाइक नहर पटरी के नीचे पड़ी थी। अभियुक्त शाहनूर को गंभीर रूप से घायल होने के कारण एंबुलेंस से मदनापुर सीएचसी भेजा गया। जहां से जिला अस्पताल जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड दिया। पुलिस ने तिलहर थाने में मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# जमीन विवाद में दो भाइयों में मारपीट, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना शारदा नगर क्षेत्र में दो सगे भाईयों के बीच कई दिनों से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद गुरुवार को फिर उपज गया। दोनों के बीच पहले जमकर गाली गलौज हुई। बाद में दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और दोनों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। खूनी संघर्ष में दोनों भाईयो समेत चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी लाई, जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों भाइयों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां एक भाई ने दम तोड दिया।

गांव दुअन्नी मंजरा मकसोहा निवासी रामू पाल पुत्र रामविलास और हीरालाल पुत्र रामबिलास सगे भाई हैं। दोनों अपना घर बनवाकर अलग अलग रहते हैं। दोनों के बीच घर के पड़ोस पड़ी पुश्तैनी जमीन के बटवारे को लेकर कई दिनों से विवाद होता रहता था। कई बार गांव में पंचायत भी हुई। लोगों ने मामले को आपस में बातचीत कराकर सुलह कराने की भी कोशिश की गई, लेकिन दोनों भाई अपनी जिद पर अड़े रहे। इससे मामले का निपटारा नहीं हो सका। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह बंटवारे को लेकर फिर दोनों भाईयों में तकरार होने लगी।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

- तीन लोग घायल, जिला अस्पताल में हो रहा इलाज
- शारदा नगर थाना क्षेत्र के दुअन्नी गांव में हुई वारदात

इस बीच दोनों पक्षों के घर के लोग भी आमने सामने आ गए। दोनों के बीच तकरार इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बाहे तन गई। गाली गलौज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दोनों को समझाने की कोशिश की। ग्राम प्रधान और थाना प्रभारी ने मौके पर आकर ग्रामीणों के साथ समझा बुझाकर समस्या का निस्तारण कर दिया। इसके बाद चले गए, लेकिन कुछ देर बाद आपस में झगड़ा फिर शुरू हो गया। दोनों पक्ष के दूसरे पर हमलावर हो गए और लाठी डंडे निकल आए। दोनो तरफ से खूब लाठियां चली, जिसमें रामू पुत्र रामबिलास (55) को ज्यादा चोटें आईं। वही उसका पुत्र अवधेश और पुत्र वधू प्रेमा और दूसरे पक्ष के हीरालाल को भी गंभीर चोट लगी।सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलबेहड़ भेजा गया, जहां से रामू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया, जहां की मौत हो गई। शारदा नगर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्राप्त तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत बहरोली, विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत बहरोली में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है :- प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजर फुट, सरिया, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम बहरोली में समुदाय के लिए पशु शेड एवं भूसा शेड निर्माण कार्य | 14.99 लाख | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 18/07/2024 से दिनांक 22/07/2024 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 4:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक : 158/न.पा.प.-पु./2024-25 दिनांक : 18 जुलाई 2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ.प्र., लखनऊ के पत्र संख्या-4/319/स्व.शौ./2022-23 दिनांक 06 मई 2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रवेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कवैजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डो में किया जा रहा है। यदि नगर पालिका परिषद पुवायाँ क्षेत्रान्तर्गत कोई व्यक्ति इस कार्य में लगा हुआ हो अथवा किसी के यहाँ यदि अब भी अस्वच्छ शौचालय विद्यमान हो, तो वह दिनांक 25.07.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक सूचना दे सकते है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हींकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।**


# प्रेमी ने खाया जहर, हालत बिगड़ी तो घबराई प्रेमिका ने फेंक दी जहर की पुड़िया

पूरनपुर संवाददाता

- परिजनों की बंदिशों और लोगों के तानों से परेशान हो एक साथ मरने का किया था फैसला

**अमृत विचार:** दो बच्चों के पिता को गांव की युवती से प्यार हो गया। समाज की अड़चने लगने पर दोनों ने एक साथ दुनिया छोड़ने का फैसला किया। युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जबकि युवती ने घबराकर पुड़िया फेंक दी। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के विवाहित युवक का गांव की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। जानकारी लगने पर परिजनों ने विरोध किया। युवक के बड़े भाई ने भी कई बार युवती को समझाया। प्रेम प्रसंग की चर्चा गांव में होने लगी। युवती विवाहित प्रेमी के साथ रहना चाहती है। परिवार और समाज की बंदिशे लगने पर गुरुवार को दोनों ने एक साथ आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया। इसके बाद दोनों खेत पर पहुंचे। युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती उसे देखती रही। युवक की हालत बिगड़ने लगी तो युवती घबरा गई और उसने जहर की पुड़िया फेंक दी। जानकारी लगने पर युवक के परिजन खेत पर पहुंचे। इस दौरान युवक खेत में तड़प रहा था। पास में ही युवती मौजूद थी।

उनके पास जहर का एक खाली और दूसरा भरा पैकेट पड़ा हुआ था। सूचना पर माधोटांडा पुलिस पहुंच गई। युवक को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## जयाप्रदा के आचार संहिता मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 में आचार सहिता के उल्लंघन का मुकदमा स्वार में दर्ज किया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही थी। पिछली तारीख पर पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने धारा करेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। गुरुवार को आपत्ति दाखिल नहीं हो सकी, जिसके चलते सुनवाई नहीं हुई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि आपत्ति नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई होगी।

## अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में गुरुवार को गवाह ऋषिपाल बरेली से कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम खां के अधिवक्ता ने उनसे जिरह की जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 24 जुलाई की तारीख लगाई है।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है।

# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसे के बाद पांच ट्रेनों का संचालन प्रभावित

बरेली कार्यालय

- बदले मार्ग से गुजारने के कारण कई ट्रेनें बरेली आते-आते लेट

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी हो जाने से बरेली जंक्शन से गुजरने वाली 13 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ से कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन की जानकारी दी गई है।

जिन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, उनमें बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा अमरनाथ एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते, 12557 मुजफ्फरपुर आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस, 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 15273 रक्सौल आनंद विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस और 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस बढ़नी- गोंडा के रास्ते चलाई गई। डायवर्ट होने के कारण ये ट्रेनें लेट चल रही थीं। बरेली से गुजरने वाली 15652 लोहित एक्सप्रेस, 15910 अवध-असम एक्सप्रेस, 15057 गोरखपुर-आनन्द एक्सप्रेस, 12558 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 14617 जनसेवा एक्सप्रेस, 15279 पुरबिया एक्सप्रेस, 15909 अवध असम एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस भी डायवर्ट की गई हैं।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सकुलिया विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सकुलिया की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3:30 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 04.30 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान-आशीष कुमार** **ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरमपुर विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरमपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 02.30 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान-रूपा देवी** **ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वद्रीपुर हदीरा विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वद्रीपुर हदीरा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3:00 बजे तक दिनांक 22.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.07.24 को 04.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान-उर्मिला देवी** **ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जठियापुर बुजुर्ग विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 18.07.24

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जठियापुर बुजुर्ग की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3 बजे तक दिनांक 23.07.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 23.07.24 को 04.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान-विजनेश कुमार** **ग्राम विकास अधिकारी- राजनरायन सिंह**

## समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश, कहा- अधिकारी पारदर्शिता के साथ कराएं विवाह

# सौ से ज्यादा जोड़े होने पर जिलाधिकारी कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।



राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

### 1,06,911 जोड़ों के होंगे विवाह, एसओपी जारी

चालू वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने एसओपी तैयार की है। एसओपी के तहत आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग पंजीकरण कराया जाएगा। पुष्टि की प्रक्रिया के दौरान मंडल के उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। दोनों अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट देंगे।

सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के औचक सत्यापन जिलाधिकारी की ओर से राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों से कराया जाएगा। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है। इसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी की ओर से आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस-पास के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की भी पुष्टि की जाएगी, ताकि किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ न उठा सकें।

## आगरा में लगे फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे, सात गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगे। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजे के पास बस्ती में कुछ लोगों ने मोहर्रम का जुलूस निकाला था। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि वीडियो में जो भी युवक हैं, उनके खिलाफ जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग-पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाएं अक्टूबर में

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

### प्रशासन-संतों की बैठक में पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने को लेकर साधु-संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और प्रशासन के बीच गुरुवार को मंडलायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में सभी संतों ने गंगा की निर्मलता और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर दिया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी ने बैठक के बाद बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के साथ गंगा की निर्मलता के लिए अधिकारियों के सामने बात रखी गई है। इसका पूरी गंभीरता के साथ पालन करने की जरूरत है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है।

### हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, पांच की मौत, एक घायल

**गंजमुरादाबाद (उन्नाव), अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार देर शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। गंभीर घायल छठे व्यक्ति को जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार शाम हरियाणा के रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को अचानक झपकी लगने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में स्कार्पियो के परखचे उड़ गए और स्कार्पियो में सवार सभी व्यक्ति उसी में फंस गए।

### रिश्वत लेने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक के साथ मिलकर रिश्वत लेने के मामले में बिना किसी ठोस सबूत के पांच महीने से कारावास की सजा झेल रहे नामजद आरोपी को सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं के तहत आरोपी ऋषिपाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि आईपीसी के तहत एक मामले में पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने 50 हजार की मांग की, लेकिन मामला 40 हजार पर तय हुआ और 29 जनवरी 2024 को 20 हजार की रिश्वत राशि उक्त उपनिरीक्षक को सौंपी गई, जिसके बाद वर्तमान याची को धनराशि सौंप दी गई।

### गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। यहां लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है।

# पिस्तौल खोलते समय चली गोली सिर में लगी, कांस्टेबल की मौत

## सूचना मिलते ही पहुंचे एसएसपी, घटनाक्रम की भी ली पूरी जानकारी

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश के दौरान एसओजी के एक कांस्टेबल की उस समय मौत हो गई, जब जाम पड़ी पिस्तौल को खोलते समय उससे अचानक चली गोली उसके सिर में जा लगी। घटना में एक उप-निरीक्षक के घायल होने की भी खबर है।

पुलिस के मुताबिक, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और दो थानों की पुलिस की संयुक्त टीम पशु तस्करों को पकड़ने के लिए बुलंदशहर जिले की सीमा से लगे एक गांव में दबिश डाल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने बताया, "दबिश के दौरान निरीक्षक अजहर हुसैन की पिस्तौल जाम हो गई थी और वह उसे खोल नहीं पा रहे थे। हुसैन की मदद करने के लिए उप-निरीक्षक राजीव कुमार ने पिस्तौल पकड़ी, तभी अचानक उससे गोली चल गई। गोली कुमार को छूती हुई कांस्टेबल याकूब के सिरे में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।" सुमन के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन याकूब ने वहां पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल कुमार की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है। सुमन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर का कहना है कि घायल दरोगा राजीव और अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। गोली पिस्टल को अनलॉक करते हुए अचानक चल गई जिससे सिपाही की मौत हो गई।



कांस्टेबल याकूब।

- पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश देने पहुंची थी एसओजी की टीम

### कांस्टेबल के पिता ने उठाए सवाल

याकूब के पिता ने घटनाक्रम पर सवाल खड़े किए है। पिता बली मोहम्मद ने बताया कि उसे पुलिस की कहानी में झोल लग रहा है। फिलहाल पूरे राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया है। पोस्टमार्टम भी उसकी मौजूदगी में हुआ। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। दरोगा ने इस मामले में लापरवाही की है। वह खराब पिस्टल को क्यों लेकर गया, वहीं दूसरे दरोगा को उसने अपने नाम पर अलॉट पिस्टल को ठीक करने को क्यों दी। दरोगा पिस्टल अनलॉक कर रहा तो बेटे के सिर में कैसे लगी। दरोगा के पेट को छूकर निकली गोली सिर में कैसे लग गई। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

## विधायक बेदी राम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद

**लखनऊ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए विधायक बेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने रद कर दिया है। कोर्ट ने आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है।

ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर 19 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में हाजिर न होने पर गत 11 जुलाई को विधायक बेदी राम, विपुल दुबे समेत कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुरुवार को आरोपी बेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व राम कृपाल ने कोर्ट में हाज़िर होकर वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हज़ार का निजी मुचलका दाखिल करने पर इस शर्त के साथ वारंट निरस्त करने का आदेश दिया गया है कि वह नियत तिथि पर आरोप तय किए जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

# नहीं जुड़ा आधार, रुक गई 3 लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इन्हें निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी। नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई, जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरूक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें।

### पुराने पेंशनरों को खुद करना होगा आधार लिंक

**लखनऊ, अमृत विचार :** पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करवाना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है।

## रामलला के नित्य दर्शन को मिलेगा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर राम मंदिर में रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे।




### सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्तिपथ के बाद अब भ्रमण पथ भी श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसका एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। भ्रमण पथ काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।

# रेल हादसे: मेंटेनेंस बड़ी चुनौती

जमीर सिद्दीकी

बीते साल 2 जून को ओडिशा के बालासोर में हुए तीन ट्रेनों के हादसे को कौन भूल सकता है। इस हादसे में करीब 300 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 1200 घायल हो गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी रेलवे ने अपनी मानवीय चूक और ट्रैक मेंटेनेंस, कोच मेंटेनेंस की ओर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लिहाजा, एक बार फिर चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के रूप में एक और ट्रेन हादसा सामने आया है, जो बहुत ही दुखद है।

गुरुवार को गोंडा जिले में एक्सीडेंट हुआ है। इस ट्रेन के पायलट का भी कहना है कि एक तेज धमाके के बाद ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। निश्चित तौर पर इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो ट्रैक में कोई कमी थी या फिर इंजन या किसी कोच का मेंटेनेंस सही नहीं था, जिससे इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। अगर आप बीते एक दशक के आंकड़े देखें तो पता चलेगा कि लगभग 449 ट्रेन हादसे हुए हैं।

**त्वरित टिप्पणी**

- ट्रेनों को समय पर चलाने के चक्कर में नहीं हो पा रहा ट्रैक मेंटेनेंस



कुछ बिंदुओं से जानते हैं कि इस तरह के हादसे की वजहें क्या हैं... **नंबर एक-** ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रैक का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले रेल के संबंधित कर्मचारी अधिकारी कभी चीफ कंट्रोलर से पांच दस मिनट के लिए ट्रेन संचालन रोकने के लिए कहते हैं तो चीफ कंट्रोलर यह कहकर मना कर देता है कि ट्रेन लेट हो जाएगी और आला अधिकारी को जबाब कौन देगा। ऐसे में ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले अधिकारी जहां ट्रैक का काम करना होता है, उसके दोनों साइड के रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से बात करते हैं और यह जानने की कोशिश करते हैं कि किधर से कौन सी ट्रेन कितनी देर में आएगी और फिर जल्दी-जल्दी जैसे तैसे जितना हो सकता है, ट्रैक का मेंटेनेंस कर दिया जाता है। यही जल्दबाजी हादसे का कारण बनती है। **नंबर दो-** वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी, राजधानी जैसी कई ऐसी ट्रेन हैं, जिन्हें समय पर चलाने की चुनौती बड़ी है। रेलवे बोर्ड तक यह चाहता है कि ये वीआई ट्रेन 1 मिनट भी लेट ना हों और इस प्रकार के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे में ट्रैक का मेंटेनेंस कैसे हो सकता है।

**नंबर तीन-** हर मंत्री और जनप्रतिनिधि यह चाहता है कि उनके क्षेत्र से कोई ना कोई ट्रेन चले। ऐसे में दिन-प्रतिदिन ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है और मेंटेनेंस की समस्या बढ़ती जा रही है। और **नंबर चार-** रेल वर्कशॉप में कोचों और इंजन के मेंटेनेंस को लेकर अधिकारियों का इतना ज्यादा दबाव रहता है कि जल्दी-जल्दी कोच और इंजन को ठीक करके रूट पर भेज दिया जाता है। ऐसे में मेंटेनेंस में कोई ना कोई चूक रही जाती है।


## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।




### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | | 2 मु | | 3 क |
| | | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | | फ़ि | | र |
| प | | | ज़ | | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | | |
| ना | | रा | | 8 ध | 9 म |
| | 10 पि | या | र | | य |

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02 .55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन** — आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क** — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**सिंह** — आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या** — आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला** — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक** — आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु** — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर** — आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ** — आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन** — आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
देवता — दोपहर : 12 .30
परिवार — रात : 07 .00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10 .47
फराज — रात : 08 .00

**Sony Pix**
घोस्त राइडर — सुबह : 11 .12
अनचार्टेड — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
मिली — सुबह : 09 .35
ऑपरेशन जावा — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
कसक — सुबह : 09 .36
कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

